हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को भेजा गया जेल

**लोरमी।** जुनापारा चौकी प्रभारी संजीव सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम पाली निवासी पॉक्सो एक्ट के आरोपी करन मरकाम को गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी के खिलाफ तखतपुर थाने में धारा 137 (2),65(1) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज था। पुलिस की इस सफलता से पीड़ित परिवार में खुशी का माहौल है।

## निधन

### डा. सुरेश तिवारी



**बिलासपुर।** गंगानगर निवासी डा. सुरेश तिवारी घठोली वाले का 16 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे सन्नी तिवारी, चंचल तिवारी के पिता, डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ विनोद तिवारी, दिनेश तिवारी, राकेश तिवारी के बड़े भाई, प्रजेश तिवारी, जयेश तिवारी के चाचा थे।

### सादिका इफ़्तेख़ार



**बिलासपुर।** अज्ञेय नगर निवासी, नूतन चौक कन्या शाला की सेवानिवृत्त प्रिंसिपल सादिका इफ़्तेख़ार का 16 मई को इंतकाल हो गया। उन्हें मगरपारा स्थित खामोशगंज कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वे एजाज अहमद जुंजानी की वालिदा थीं।

### गायत्री गुप्ता



**बिलासपुर।** ज्योति विहार खमतराई, बेमा नगोई रोड निवासी गायत्री गुप्ता का 16 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 मई को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे लक्ष्मेंद्र कुमार गुप्ता, राघवेंद्र गुप्ता की माता थीं।

### केवल कश्यप



**बिलासपुर ।** मेन रोड तोरवा निवासी केवल कश्यप का 16 मई को निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे चम्पा वर्मा के पति और राजेश कश्यप के भाई थे।

## नेतृत्व क्षमता से गढ़ेगा बेटियों का भविष्य: एसएसपी

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी सीपत में शनिवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान 'जेम' 2026 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। चार सप्ताह के इस पूर्ण आवासीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह ने किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी स्वपन कुमार मंडल भी उपस्थित रहे।

एनटीपीसी लिमिटेड की सीएसआर पहल अंतर्गत आयोजित जेम-2026 के तहत परियोजना प्रभावित गांवों के 38 शासकीय विद्यालयों से कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण लगभग 130 बालिकाएं लाभान्वित होंगी। एक माह के इस पूर्ण आवासीय कार्यक्रम को 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें शैक्षणिक गतिविधियों, कंप्यूटर शिक्षा, योग, खेल, आत्मरक्षा, कला, संगीत, अनुशासन, स्वच्छता, संचार कौशल, समय प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रतिभागी बालिकाओं ने संगीत एवं सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं जेम-2022 बैच की पूर्व प्रतिभागी दिव्यांशी मिरचन्य एवं चिंकी पाटनवार ने भी अपने अनुभव साझा किए।



कार्यक्रम में शामिल पुलिस कप्तान व अतिथि।

मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह ने बालिका सशक्तिकरण की दिशा में एनटीपीसी सीपत के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि, जेम जैसे कार्यक्रम बालिकाओं को बड़े सपने देखने और अपनी वास्तविक क्षमता को पहचानने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को आत्मविकास एवं सीखने के इस अवसर का पूरा लाभ उठाने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उनकी सराहना की तथा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु एनटीपीसी की सीएसआर पहलों की प्रशंसा की। परियोजना प्रमुख श्री कुमार मंडल ने जेम को बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं आकांक्षाओं को विकसित करने वाला एक परिवर्तनकारी मंच बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को उत्साहपूर्वक सीखने तथा अपने सपनों को साकार करने की क्षमता पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया। मानव संसाधन प्रमुख जयप्रकाश सत्यकाम ने जानकारी दी कि, सीपत के परियोजना प्रभावित गांवों की 130 बालिकाओं का जेम कार्यशाला 2026 हेतु चयन किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि, कार्यशाला के उपरांत वर्तमान बैच की 10 मेधावी बालिकाओं का चयन बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निशुल्क शिक्षा हेतु किया जाएगा। संगवारी महिला समिति अध्यक्षा शिखा मंडल ने भी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए आश्वस्त किया कि, महिला समिति की सदस्याएं पूरे कार्यक्रम के दौरान परिवार की तरह उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग करती रहेंगी। इस अवसर पर सभी महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष, संगवारी महिला समिति की वरिष्ठ सदस्याएं, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के सदस्य तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फर्जी डॉक्टर पकड़े गए, लोगों ने किया पुलिस के हवाले



**तखतपुर।** खुद को डॉक्टर बताकर इलाज करने का दावा करने वाले उत्तरप्रदेश के दो फर्जी युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

लोगों को जानकारी मिली कि, वैभव आनंदम बेलपान रोड में दो डॉक्टर उपचार कर रहे हैं, साथ ही यह पता चला कि कि कुछ लोग बाहर से आकर बिना किसी वैध डिग्री के इलाज कर रहे हैं। इस पर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर युवकों से पूछताछ की। युवक खुद को आयुर्वेदिक उपचार से जुड़े होने की बात कहते हुए, अपने एक रिश्तेदार को डॉक्टर बताने लगे। युवकों के पास स्वयं के कोई वैध दस्तावेज नहीं था। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली, जहां से बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां और कुछ संदिग्ध चूर्ण बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि, पुलिस पहुंचने से पहले कथित डॉक्टरों का एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस दोनों युवकों को थाने लेकर आई, जहां पूछताछ में युवकों ने अपना नाम मोहम्मद हकीम अकबर और मोहम्मद जैद बताया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों के खिलाफ बिना डिग्री इलाज करने, झूठा प्रचार-प्रसार कर लोगों को भ्रमित करने तथा जान से खिलवाड़ करने के आरोप में सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने इसके खिलाफ धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ शनिवार को मुंगेली में हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री जगदीश रामु रोहरा, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी तथा वर्ग प्रभारी निर्मल सिन्हा उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों, अंत्योदय और राष्ट्रसेवा के संकल्प को स्मरण करते हुए संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, सेवा, समर्पण एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग में जिले भर से आए पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आगामी दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित कर संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं जनसंपर्क को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की मजबूती एवं आगामी चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिजली विभाग की लापरवाही, जर्जर तार के कारण हुआ हादसा

# करंट लगने से गर्भवती भैंस की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**पथरिया।** ग्राम पंचायत सिलदहा में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। अशोक वर्मा के घर के पास लगे ट्रांसफार्मर के नीचे क्षतिग्रस्त बिजली तार को लकड़ी के सहारे अस्थाई रूप से लगाया गया था। इसी असुरक्षित व्यवस्था के कारण करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से झांगलू निषाद की गर्भवती भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। मामले की शिकायत पशु मालिक ने थाना पथरिया मे रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।



ग्रामीणों का आरोप है कि, ट्रांसफार्मर के आसपास लंबे समय से बिजली तार जर्जर हालत में पड़े हुए हैं और कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने कोई स्थाई सुधार कार्य नहीं कराया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि, यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि, सिलदहा क्षेत्र के जेई को कई बार फोन कर समस्या की जानकारी दी गई, लेकिन अक्सर उनका फोन रिसीव नहीं होता। इससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ रही है। ग्रामवासियों का कहना है कि, वे समय पर बिजली बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद गांव की बिजली व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। जर्जर बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों और मवेशियों की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, पीड़ित पशुपालक को उचित मुआवजा दिया जाए तथा गांव की जर्जर बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर व्यवस्था को तत्काल सुधारा जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### जानकारी नहीं

मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है, जेई से बात करके कुछ बता पाऊंगा।

**-योगेश कुमार साह,** सहायक अभियंता

## कलिकाल में भगवान श्रीकृष्ण का कीर्तन ही सारः पं. शर्मा



प्रवचन करते कथावाचक।

**मुंगेली।** तम्बोली परिवार की ओर से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 7 से 16 मई तक पुराना बस स्टैण्ड स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। कथा का श्रवण कराते हुए कथावाचक पं मनोज शर्मा ने उद्धव जी की ब्रज यात्र का वर्णन किया।

सातवें दिवस की कथा मे पं मनोज शर्मा ने कहा कि, उद्धव प्रसंग में गोपिकाओं ने उद्धव को कृष्ण प्रेम भक्ति का उपदेश देते हुए कहा कि, जब तक कृष्ण प्रेम का मिठास तुम्हारे ज्ञान मे मिश्रण नहीं होगा, तुम्हारा ब्रम्ह ज्ञान नीरस ही होगा। भगवान श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा को अपनी महती कृपा से दरिद्रता की श्राप से मुक्त कराकर वैभव शाली बना दिया। उन्होंने कहा, इस कलिकाल मे भगवान श्रीकृष्ण का किर्तन ही सार है। कथा के आयोजक जगदीश तंबोली, प्रदीप तंबोली, संजय तंबोली दामापुर से है।



हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 17 मई 2026


तापमान
अधिकतम 39.6 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री



श्रीकांत वर्मा की प्रतिमा का किया जा रहा रंगरोगन व सुधार कार्य।



खबर संक्षेप

## आज से भाजपा ग्रामीण कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** भाजपा जिला ग्रामीण के जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का ग्राम रमतला में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 17 और 18 मई तक आयोजित किया गया है। इसमें लगभग 200 कार्यकर्ताओं को अपेक्षित सूची में शामिल किया गया है। प्रशिक्षण में वर्ग प्रभारी की भूमिका छत्तीसगढ़ खाद्य आपूर्ति निगम संजय श्रीवास्तव को सौपी गई है। प्रशिक्षण का उद्घाटन रविवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। जिसमे वर्ग प्रभारी संजय श्रीवास्तव, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, विधायक सुशांत शुक्ला, जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल शामिल रहेंगे।

# आयुष्मान काउंटर खाली, 120 कर्मचारियों में 70 फीसदी भी नहीं करते काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर




### भर्ती को लेकर उठने लगे सवाल

अधिकारी नहीं जानते कर्मचारियों की संख्या

सिम्स में पिछले कुछ सालों में आयुष्मान योजना के तहत धड़ल्ले से कर्मचारियों की भर्ती की गई है। इनकी तादात 120 के करीब जा पहुंची है लेकिन ताज्जूब की बात यह है कि सिम्स के स्थापना व्यय बढ़ाने वाले कर्मचारी अस्पताल और कालेज में दिखाई तक नहीं देते है। ऐसे में कर्मचारी कहां अपनी ड्यूटी बजा रहे है, यह सवालों के घेरे में है।

सिम्स अस्पताल में नियमित पदों पर भर्ती नहीं हो सकी है, ऐसे में काम चलाउ व्यवस्था के अंतर्गत 120 कर्मचारियों को भर्ती कर दिया गया है। पहले इन्हें योजना के तहत ही काम कराया जा रहा था, लेकिन 3 साल पहले हुए आयुष्मान घोटाले के बाद से सभी कर्मचारियों को अलग-अलग पदों पर रख दिया गया है। वर्तमान में 20 कर्मचारी आयुष्मान पर काम कर रहे है। सालों तक इन कर्मचारियों को योजनाओं का फायदा भी पहुंचाया जा रहा है, लेकिन ज्यादातर आयुष्मान काउंटरों में कर्मचारी नदारद रहते है।

बताया जा रहा है कि आयुष्मान के अंतर्गत काम कर रहे कर्मचारियों को स्कील्ड, सेमी स्कील्ड और नॉन स्कील्ड केटेगरी में रखा गया है,जिनका वेतन अलग-अलग मदों से दिया जा रहा है, लेकिन इन कर्मचारियों के वर्क परफार्मेश नहीं देखी जा रही है। जहां कुछ कर्मचारी ईमानदारी से नौकरी कर रहे है लेकिन ज्यादातर कर्मचारी सेटिंग पर नौकरी बजा रहे है। ऐसे में इनकी उपयोगिता को लेकर सिम्स प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।

### योजना में हो चुकी है बंदरबांट

खास बात यह है कि 3 साल पहले आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि में जमकर बंदरबांट की गई थी, इस दौरान योजना की जांच की मांग उठी लेकिन तत्कालीन डीन केके सहारे ने अपने चहेतों को चेहरा देखकर योजना का फायदा पहुंचाया और लाखों रूपए की हेरफेर की गई लेकिन उनके जाते ही मामला ठंडे बस्ते में जा पहुंचा। वहीं इसके बाद से केन्द्र सरकार द्वारा योजना में अबतक प्रोत्साहन राशि सिम्स को नहीं मिल सकी है।

### जिम्मेदार को ही नहीं पता कितने कर्मचारी

कुछ महीने पहले ही आयुष्मान योजना के अंतर्गत कर्मचारियों के सुपरविजन के लिए नियमित कर्मचारी आकाश पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन यह कर्मचारी स्वयं ही अस्पताल में मौजूद नहीं रहता है। जहां इसकी पदस्थापना दी गई है, वहीं से नदारद रहता है, ऐसे में सुपरविजन का काम मुंह देख कर किया जा रहा है। वहीं सिम्स में आयुष्मान योजना में काम कर रहे कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि बांटने को लेकर एक बार फिर से बंदरबांट की बू आने लगी है। दरअसल कुछ कर्मचारी अपने चहेतों को राशि दिलाने में आमादा है, जिससे चलते उन्हें उपकृत किया जा रहा है।

### काम का लोड अधिक

सिम्स में काम को लोड पहले से अधिक है, नियमित भर्ती नहीं होने पर कर्मचारियों को रखा जाता है। सालों से कर्मचारी काम कर रहे है, अभी प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई है। कम्प्यूटर आपरेटर और अन्य जगहों पर कर्मचारी काम कर रहे है। सुपरविजन किया जा रहा है, गलती सामने आने पर नियमित हो या आयुष्मान कर्मचारी कार्रवाई होगी।

- डॉ लखन सिंह
अधीक्षक, सिम्स

# सात लाख के गांजा सहित पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपियों को पकड़ा है, जिनके पास से सात लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया गया है। आरोपी गांजा को बैग की बजाए अपने शरीर में बांधकर रखे हुए थे, जो ओडिशा से गांजा अमरावती लेकर जा रहे थे। इसकी जांच करने के बाद आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


आरोपियों के पेट में बंधे गांजा के पैकेट।

शुक्रवार की देर रात बिलासपुर आरपीएफ गुप्तचर शाखा पोस्ट को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन यात्री हावड़ा से मुम्बई की ओर जाने वाली गीतांजली एक्सप्रेस में ओडिशा से अमरावती की ओर गांजा लेकर सफर कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद देर रात आरपीएफ और जीआरपी की टीम स्टेशन में अलर्ट हो गई। वहीं गांजा तस्करी करने वाले आरोपियों को भी पुलिस के आने की सूचना मिल गई, जिसके कारण आरोपी अमरावती स्टेशन के बजाय बिलासपुर रेलवे स्टेशन में उतरकर इधर-उधर छिप गए। देर रात 12.35 बजे के बाद गीतांजली एक्सप्रेस प्लेटफार्म नम्बर 3 पर पहुंची, जिसके पहुंचते ही टीम ने सारे कोच की जांच शुरु कर दी। इस दौरान तीन व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में भागते हुए देखा गया। टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़कर जांच की, जो अपने-अपने शरीर में गांजा को बांधकर ले जा रहे थे। पूछताछ में आरोपी नागपुरी गेट जिला अमरावती निवासी आमिर पठान, शेख आवेश, सलमान शाहा ने गांजा को अमरावती ले जाने की जानकारी दी। आरोपियों के पास से 7 लाख 5 हजार रुपए का 14 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त करने के बाद आरपीएफ ने जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 20 बी के तहत कार्रवाई करने के उपरांत न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# पूजापाठ का झांसा देकर व्यापारी से जेवर की ठगी

**बिलासपुर।** साधू के वेष में आए व्यक्ति ने मेडिकल व्यापारी को परिवार व व्यापार की परेशानियां दूर करने का झांसा दिया और सोने के जेवर की ठगी कर फरार हो गया। पुलिस साधु का सुराग नहीं लगा पाई है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 14 निवासी राजेश पंजवानी की चकरभाठा मेन रोड में मेडिकल की दुकान चलाते हैं। 15 मई को सुबह 11 बजे उनकी दुकान में साधु के वेष में एक व्यक्ति भिक्षा मांगने आया। पहले उसने 5 व 20 रुपए लेने से इनकार कर दिया और चाय पानी की मांग की। चाय बिस्किट खाने के बाद उसने अपनी जेब से एक पत्थर निकालकर श्री पंजवानी को देकर कागज में बांधने को कहा और दावा किया उनके परिवार और व्यापार की परेशानियां दूर हो जाएंगी। व्यापारी के द्वारा कागज खोलने पर पत्थर रूद्राक्ष में बदल गया था। इसके बाद साधु ने 10 रुपए डालकर गल्ले में रखने को कहा। कुछ देर बाद 10 का नोट 100 रुपए में बदल गया। उसके बाद साधु उनके दुकान में पूजापाठ करने लगा और परिवार के परेशानियां दूर होने की करने की बात कहते हुए श्री पंजवानी से 500 के दो नोट, 10 ग्राम वजनी सोने की अंगूठी लेकर कागज में बांधकर मुंह डाला और उसके बाद मुंह से एक पैकेट निकलाकर देते हुए दो घंटे बाद खोलने को कहकर चला गया। दो घण्टे बाद श्री पंजवानी से पुड़िया खोलकर देते हुए उसमें 10 व 100 के नोट व रूद्राक्ष थे। 500 के दो नोट, सोने की अंगूठी गायब हो गई थी। व्यापारी से श्री पंजावानी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बोलेरो से आए थे साधु

पुलिस ने मेडिकल दुकान व आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरा खंगाले तो साधु अन्य साधुओं के साथ बोलेरो से आते व जाते नजर आ रहा है। फुटजे के आधार पर पुलिस साधु के वेष में ठग गिरोह का सुराग लगाने में जुट गई है। बहरहाल पुलिस ठगबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

# पेट्रोल पंपों में हुई स्थिति सामान्य

**बिलासपुर।** शहर के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल के लिए पिछले दो दिनों से चल रही मारामारी शनिवार को समाप्त हो गई। शनिवार को पेट्रोल पंपों में लोगों की कतार नजर नहीं आई। शहर के सभी पेट्रोल पंपों में लोगों को आसानी से पेट्रोल डीजल मिलता रहा, कई पेट्रोल पंप के कर्मचारी ग्राहक की प्रतीक्षा करते रहे। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले एकाएक पेट्रोल पंपों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी, पंपों के सामने ट्रैफिक जाम हो गया था। यही स्थिति शुक्रवार की सुबह भी रही, लेकिन दोपहर होते होते सबकुछ सामान्य हो गया। शनिवार को भी लोगों को आसानी से पेट्रल, डीजल मिलता रहा।











## मैथिलीशरण गुप्त गौरव ग्रंथ का विमोचन आज

**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी (राष्ट्रीय समिति) एवं गहोई वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में 17 मई को शाम 6 बजे शासकीय जे.पी. वर्मा कला/वाणिज्य महाविद्यालय में "गौरव ग्रन्थ – राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त" का विमोचन एवं साहित्यिक विमर्श आयोजित किया जा रहा है। यह ग्रन्थ मनोहर लाल बरसैंया, डॉ. मीतू बरसैंया एवं डॉ. विनोद कुमार गुप्त द्वारा संपादित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायमूर्ति चंद्र भूषण वाजपेई तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विनय कुमार पाठक करेंगे। विशिष्ट अतिथि मनोहरलाल बरसैंया, डॉ. श्यामलाल निराला, लक्ष्मीनारायण बिलैया एवं डॉ. आर.के.गंधी उपस्थित रहेंगे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का अधिवेशन आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी -कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन 17 को जांजगीर में होगा। अधिवेशन में भाग लेने बिलासपुर जिला से 17 मई को सुबह 9 बजे कर्मचारी भवन से बस एवं निजी वाहनों से रवाना होंगे। मुख्य अतिथि विधायक व्यास कश्यप होंगे तथा पेंशनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव अध्क्षता करेंगे। प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश भर से लगभग एक हजार पेंशनर प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस वार्षिक अधिवेशन में पेंशनरों के लंबित महंगाई राहत भत्ता, कैशलेश चिकित्सा सुविधा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।




## खबर संक्षेप

### बीए-एलएलबी व कंपनी सचिव परीक्षा तिथि टकराईं, परीक्षा नियंत्रक से मिले छात्र



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी बीएएलएलबी दशम सेमेस्टर की परीक्षा समय-सारिणी एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की परीक्षा तिथियों में टकराव को लेकर छात्रों के बीच असमंजस की स्थिति है। इसलिए इस मुद्दे को लेकर शनिवार को कुछ छात्र यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर से मिलकर समस्या से अवगत कराते हुए छात्रहित में हस्तक्षेप की मांग की है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएएलएलबी दशम सेमेस्टर की औद्योगिक विधि विषय की परीक्षा 5 जून 2026 को निर्धारित की गई है जबकि उसी अवधि में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की परीक्षाएं भी आयोजित हो रही है। इसके कारण ऐसे विद्यार्थी जो विधि शिक्षा के साथ-साथ कंपनी सचिव पाठ्यक्रम में भी अध्ययनरत हैं, उनके सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। छात्रों का कहना है कि वर्तमान समय में अनेक विद्यार्थी अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए एक से अधिक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में परीक्षा तिथियों का परस्पर टकराव विद्यार्थियों के मानसिक तनाव, शैक्षणिक नुकसान एवं भविष्य संबंधी कठिनाईयों का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र किसी प्रकार की विशेष सुविधा नहीं, बल्कि केवल न्यायसंगत एवं व्यावहारिक समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन से मांग की है कि छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित परीक्षा तिथि में आवश्यक संशोधन किया जाए तथा प्रभावित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक परीक्षा आयोजित करने संबंधी निर्णय लिया जाए ताकि किसी भी विद्यार्थी का शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य प्रभावित न हो। यूनिवर्सिटी पहुंचे छात्रों में मनीष मिश्रा, अमिताभ वैष्णव, गोविंद कोसले, प्रद्युम्न यादव, उमेश यादव, हर्ष, पार्थ, तरूण वर्मा, एनी आदि ने यूनिवर्सिटी से विद्यार्थियों के भविष्य एवं प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक निर्णय लिए जाने की मांग की है।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी प्रज्ञा को पीएचडी की डिग्री

**बिलासपुर।** प्रज्ञा तिवारी को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पीएचडी की डिग्री प्रदान की है। सकरी निवासी प्रज्ञा



तिवारी पिता कृष्ण कुमार तिवारी ने रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर एग्रोनामी में पीएचडी की उपाधि ली। शुक्रवार को प्रज्ञा तिवारी को पीएचडी की डिग्री राज्यपाल रमन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर से प्रदान की गई। डॉक्टर प्रज्ञा तिवारी को पीएचडी की उपाधि मिलने से परिजन में हर्ष व्याप्त है।

### कृषि संकल्प अभियान के तहत तेज धूप में गाँव-गाँव पहुँच रहे वैज्ञानिक



**बिलासपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान का वर्तमान में संचालन किया जा रहा है। कृषि विभाग के सामूहिक समन्वय से संचालित यह विशेष अभियान 20 मई तक निरंतर चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत, जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रतिदिन दो गाँवों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से आज 15 मई तक जिले के विभिन्न विकासखंडों के कुल 160 गाँवों में किसानों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षित और जागरूक किया जा चुका है। वैज्ञानिकों की टोलियाँ लगातार निर्धारित समय सीमा के भीतर गाँव-गाँव पहुँचकर किसानों से सीधा संवाद कर रही हैं। जिसमें बिल्हा ब्लॉक डॉ शिल्पा कौशिक विषय वस्तु विशेषज्ञ, तखतपुर ब्लॉक डॉ एकता ताम्रकार एवं डॉ चंचला रानी पटेल। मस्तूरी ब्लॉक डॉ निवेदिता पाठक एवं हेमकांति बंजारे। कोटा ब्लॉक डॉ अमित शुक्ला एवं समस्त वैज्ञानिक व इंजीनियर टीम द्वारा यह किया जा रहा है। अभियान के दौरान कृषकों को महत्वपूर्ण तकनीकों पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें किसानों को सरकार द्वारा दी गई योजनाओं की जानकारी और नया तकनीक के बारे में बताया गया है। इसके साथ ही किसानों को प्रशिक्षण देकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

### ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 को दुकान बंद, कैट ने किया समर्थन

**बिलासपुर।** जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा ऑनलाइन दवा व्यापार के अनियंत्रित प्रसार के विरोध में जिले की समस्त दवा दुकानों को बंद रखने के निर्णय का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बिलासपुर ईकाई ने इसका पूर्ण समर्थन किया है। कैट बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने कहा कि आज के इस डिजिटल दौर में ऑनलाइन फार्मा कंपनियों की वजह से स्थानीय छोटे और मंझोले व्यापारियों के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स का मानना है कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को क्षति




ऑनलाइन दवा बिक्री से हमारे लोकल व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि स्थानीय रोजगार पर भी संकट मंडरा रहा है। दवाओं जैसी संवेदनशील वस्तु की ऑनलाइन बिक्री में गुणवत्ता और नियमों की अनदेखी होने की संभावना बनी रहती है, जो जनस्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। बड़ी विदेशी और ऑनलाइन कंपनियां भारी छूट का लालच देकर स्थानीय बाजार को खत्म करने का प्रयास कर रही हैं, जिससे आने वाले समय में 'लोकल' व्यापार पूरी तरह समाप्त हो सकता है। हीरानंद ने कहा की कैट सदैव स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संकल्पित है। दवा विक्रेताओं का यह संघर्ष केवल उनका व्यक्तिगत संघर्ष नहीं है, बल्कि यह उन सभी स्थानीय व्यापारियों की आवाज है जो इस असमान प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे हैं। कैट विरोध प्रदर्शन और दुकान बंद के आह्वान में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इसका कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने भी समर्थन किया है।

---

**अभी भी वॉकीटॉकी से काम चला रहे कर्मचारी** | **यह भी एक समय के बाद बंद हो जाती है, इससे होती है परेशानी**

# एटीआर के अंदर लगे बीएसएनएल टॉवर, लेकिन नेटवर्क नहीं

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में रहने वाले ग्रामीणों और स्टाफ व अफसरों के लिए बीएसएनएल का टॉवर लगाया गया है, लेकिन यह टॉवर अब तक तक ग्रामीणों व स्टाफ के मोबाइल पर नेटवर्क उपलब्ध नहीं करा पाया है। इसके कारण कर्मचारी और समिति के सदस्य अभी भी एक दूसरे से संपर्क करने के लिए वॉकीटॉकी का उपयोग कर रहे हैं।

अचानकमार टाइगर रिजर्व का क्षेत्र 914.07 स्क्वेयर किलोमीटर में बसा हुआ है, जिसमें करीब 24 गांव हैं। यहां सबसे अधिक समस्या बिजली और मोबाइल कवरेज को लेकर रहती है। गांव में बिजली के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब तक लाइन बिछाने का काम नहीं हुआ है। यहां के रहवासी बिजली के लिए सोलर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। वहीं सेन्ट्रल जू आफ आथोरिटी और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार किसी भी टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों की सुरक्षा व संरक्षण को देखते हुए गांव बसाने की अनुमति नहीं है। इसे देखते हुए एटीआर प्रबंधन जंगल के अंदर बसे गांव का विस्थापन भी कर रही है। बिजली के अलावा मोबाइल टावर की भी समस्या रहती है। इस समस्या को दूर करने के लिए एटीआर के अफसर और स्टाफ वाकीटाकी से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, लेकिन वाकीटाकी भी एक समय के बाद बंद हो जाती है। वहीं मोबाइल टावर नहीं होने के कारण एक दूसरे से संपर्क करने में परेशानी होती है। मोबाइल टावर की समस्या को दूर करने भारत संचार निगम



लिमिटेड ने आगे आकर जंगल के 15 ग्रामीण क्षेत्र में 4जी मोबाइल टावर लगाने प्रबंधन को पत्र लिखा था। प्रबंधन ने बीएसएनएल के पत्र को अनुमति देने के बजाय स्टेट वाइल्ड लाइफ को भेजा दिया। स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड ने बीएसएनएल के टावर लगाने को अपनी ओर से एप्रुवल प्रदान कर दिया है। टावर लगने का कार्य पांच गांव में पूरा हो गया है, जिसकी शुरुआत अब तक बीएसएनएल ने नहीं की है। टॉवर की सुविधा और नेटवर्क नहीं होने के कारण वॉकीटॉकी का उपयोग अभी भी कम नहीं हो पाया है।

### इन गांवों में हैं टावर

एटीआर प्रबंधन के अनुसार बीएसएनएल ने पहले जंगल के 18 गांव में मोबाइल टावर के लिए परमिशन मांगी थी, लेकिन 3 गांव मुंगेली वन मंडल में होने की वजह से हटाकर 15 गांव को शामिल किया गया है। इन गांवों में सरसोहा, महुआमाचा एटीआर सीमा, मंजूरहा, बिन्दावल, बिरारपानी, छिरहट्टा, रंजकी, परपरहा, सुरही, निवासखार, कटामी, बोईरहा, राजक, चकदा, सारसडोल शामिल हैं।

### कोर जोन 626 वर्ग किलोमीटर में

करीब 914.017 स्क्वेयर किलोमीटर में फैले अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में कोर और बफर जोन अलग-अलग हैं। इसमें कोर जोन का क्षेत्र 626.195 वर्ग किलोमीटर का है और बफर जोन 287.822 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इन दोनों जोन के घने जंगल में मोबाइल टावर नहीं होने के कारण काफी परेशानी होती है।

### पांच स्थानों पर टॉवर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल एरिया और विस्थापित ग्रामीणों को आपसी संपर्क में परेशानी हो रही थी, जबकि जंगल में कर्मचारियों के आपसी संपर्क करने वॉकीटॉकी की सुविधा थी। वॉकीटाकी में भी कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम चकदा, मंजूरहा और सरसोहा सहित अन्य गांव मिलाकर पांच गांव में बीएसएनएल के टावर लगने से करीब 3000 से अधिक आबादी को जल्द ही मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिलेगी।

**-यू आर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

---

**प्लांट में ताला लगने के कारण लोकल ब्रांड के पानी को बिक्री करने की दी गई छूट**

# रेलवे नीर प्लांट का नहीं खोला गया ताला, नागपुर से हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के ताला लगे रेल नीर के प्लांट को अब आईआरसीटीसी ने ओपन करने का निर्णय लिया गया, लेकिन किसी कारणवश इस परियोजना को अब तक शुरु नहीं किया जा सका। प्लांट में ताला लगने के कारण लोकल ब्रांड के पानी को बिक्री करने की छूट दे दी गई है। इसकी बिक्री रेल नीर बोतल के साथ स्टॉल संचालक कर रहे हैं। वहीं रेल नीर की सप्लाई नागपुर से की जा रही है, जिसे प्रतिदिन गोंदिया से रायपुर, बिलासपुर और झारसुगुड़ा तक भेजा जा रहा है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टाल और ट्रेनों के पेंट्रीकार में यात्रियों को खाने-पीने की वस्तु से लेकर पानी की बोतल की बिक्री होती है, जिसकी कीमत रेलवे बोर्ड द्वारा तय की गई है, जिसका संचालन आईआरसीटीसी और रेल प्रशासन द्वारा किया जाता है। आठ साल पहले बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में लोकल ब्रांड की पानी के बोतल बेचे जा रहे थे। रेल नीर के साथ यात्रियों को दूसरी कंपनी के पानी बोतल से भी अपनी प्यास बुझाने की सुविधा मिल रही थी। दूसरे ब्रांड की सुविधा को बंद करने के लिए रेलवे बोर्ड ने सख्त आदेश देते हुए आईआरसीटीसी को रेल नीर शुरु करने को कहा था। बोर्ड से आदेश मिलने से पहले बिलासपुर स्टेशन में पानी की सप्लाई बिहार के दानापुर रेलवे स्टेशन से होती थी। आदेश मिलने के बाद बिलासपुर के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में रेल नीर का प्लांट बनाया गया था। पानी के बोतल उत्पादन से लेकर सप्लाई करने का ठेका कोलकाता की कंपनी को दिया गया था। बिलासपुर सहित आसपास के छोटे बड़े स्टेशनों में सभी स्टॉल संचालकों को लोकल ब्रांड के स्थान पर रेल नीर के पानी बोतल रखने और बेचने का आदेश दे दिया गया। आठ साल तक प्लांट से प्रोडक्शन किया गया, रेल नीर पानी का बोतल जोन के तीनों डिवीजन रायपुर, बिलासपुर और नागपुर सहित अन्य स्टेशनों में सप्लाई हो रहा था। बिलासपुर में पानी का प्रोडक्शन और सप्लाई होने की वजह से किसी तरह की समस्या रहीं हो रही थी। आठ साल बाद कोलकाता की कंपनी ने रेल नीर प्लांट का संचालन करने से अपना हाथ खींच लिया, जिसकी वजह से रेल नीर प्लांट में ताला लग गया है। प्लांट बंद होते ही बिलासपुर सहित आसपास के स्टेशनों में रेल नीर की सप्लाई पर काफी असर पड़ रहा है। यात्रियों की मांग के बावजूद रेल नीर की बोतल नहीं होने से स्टॉल संचालकों को काफी परेशानी हो रही है, वही प्लांट में लगा हुआ ताला अब तक ओपन नहीं हो सका है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने प्रदेश के तीन मुख्य पानी के ब्रांड अमरकंटक, शिवनाथ और किनले के पानी की बिक्री स्टॉलों में करने की छूट दे रखी है।



**← ईब से कटनी तक रेल नीर सप्लाई →**

सिरगिट्टी में संचालित हो रहे प्लांट से बिलासपुर के साथ उसलापुर, शहडोल, पेण्ड्रारोड, रायगढ़, कोरबा, ईब, रायपुर, दुर्ग, नागपुर एवं कटनी मुरवारा व अन्य स्टेशनों में पानी के बोतल की सप्लाई की जा रही थी। यहां से पानी की पेटी के रेट स्टाल संचालकों को 120 रुपए देना पड़ रहा था। वर्तमान में हालत यह हो गया है कि नागपुर से गाड़ी कभी आती है और कभी नहीं आती है। इसकी वजह से बिलासपुर डिवीजन के अंतिम स्टेशन ईब स्टेशन तक पानी की समस्या होने के साथ ही नागपुर से आने वाली रेल नीर की पानी की पेटी के लिए स्टाल संचालकों को 6 रुपए अतिरिक्त देना मजबूरी हो गई है।

### जल्द किया जाएगा शुरु

आईआरसीटीसी से जानकारी मिली है कि रेल नीर प्लांट काफी दिनों से बंद है, जिसे ओपन किया जाना था। किसी तकनीकी इश्यू के कारण यह अब तक खोला नहीं जा सका है। इसके लिए टेंडर व अन्य प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्लांट शुरु होने से सप्लाई भी बिलासपुर से जल्द शुरु हो जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

# आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज के लिए निगम देगा 5 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- घुरू में होगा कालेज भवन का निर्माण
- हास्टल भवन का भी होगा निर्माण

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज का नया भवन घुरू में बनेगा। कालेज भवन सहित हास्टल भवन निर्माण के लिए नगर निगम 5 एकड़ जमीन उलब्ध कराएगा। कालेज की ओर से जमीन की मांग की गई थी जिसपर निगम के मेयर इन कौंसिल ने भी सहमति दे दी है।

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम कालेज के भवन निर्माण के लिए पूर्व में कोनी और चिचिरदा में जमीन देखी गई थी। चिचिरदा काफी दूर हो जाता इसलिए वह जमीन पसंद नहीं आई। इसके बाद कालेज की ओर से नगर निगम को जमीन की मांग करते हुए पत्र लिखा गया था। इंग्लिश मीडियम कालेज में शासन के नियमानुसार कम शुल्क में निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों के विद्यार्थियों को अध्ययन कराया जाता है। इस कालेज में नए भवन एवं छात्र-छात्राओं के 100 सीटर हास्टल व सुविधायुक्त खेल मैदान भी विकसित किया जाना है। इसलिए बीच में कलेक्टर संजय अग्रवाल व निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सहित कालेज के प्राचार्य एवं पीडब्लूडी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने घुरू स्थित खसरा नंबर 495/2 भूमि का मौका निरीक्षण किया गया था। इसी खसरा नंबर की 5 एकड़ जमीन इंग्लिश मीडियम कालेज और हास्टल निर्माण के लिए दिए जाने चिहांकित किया गया है। यह जमीन वर्तमान में राजस्व रिकार्ड में नगर निगम के स्वामित्व में है इसलिए आबंटन के लिए मामला मेयर इन कौंसिल की बैठक में रखा गया था, जिसमें अनापत्ति पत्र कलेक्टर को भेजने सहमति दे दी गई है।

घुरू स्थित नगर निगम के नाम पर दर्ज भूमि में से 5 एकड़ भूमि के बदले समतुल्य की भूमि कोनी में भूमि नगर निगम को आबंटन किया जाएगा। भूमि का आबंटन शासन के गाइड लाइन एवं नियमानुसार किया जाएगा। कालेज भवन, हास्टल एवं खेल मैदान निर्माण के लिए अनुज्ञा, विकास अनुमति विधिवत नगर पालिक निगम एवं संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से लेना अनिवार्य होगा।

### राशि स्वीकृत

इंग्लिश मीडियम कालेज के लिए पहले कोनी और चिचिरदा में जमीन देखी गई थी, लेकिन अब घुरू में जमीन फायनल हो गया है। नगर निगम की जमीन में से पांच एकड़ जमीन कालेज, हास्टल भवन के लिए आबंटन किए जाने निगम के एमआईसी में भी निर्णय हो गया है। भवन के लिए शासन से राशि भी स्वीकृत हो गई है।

**-प्रो. वीके श्रीवास्तव**, प्राचार्य, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज

### भवन के लिए 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति

शासन द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में 7 स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम कालेज खोले गए थे, जिसमें जिले में एकमात्र कालेज बिलासपुर में खोला गया है। इंग्लिश मीडियम कालेज वर्ष 2023 से पुराना हाईकोर्ट भवन में संचालित हो रहा है जहां पर अटल यूनिवर्सिटी लगता था क्योंकि कालेज का अभी तक खुद का भवन नहीं है। शासन ने इंग्लिश मीडियम कालेज के नए भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई है और पीडब्लूडी द्वारा भवन निर्माण के लिए टेंडर आदि प्रक्रिया की जा रही है।

---

# एलआईसी को 25 हजार रुपए जुर्माना

**बिलासपुर।** बीमा पॉलिसी के किश्त भुगतान में एक दिन विलंब होने से वैधता समाप्त होने की बात कहते हुए एलआईसी ने मृत पॉलिसीधारक के नामिनी को दावा राशि की भुगतान नहीं किया, इसके खिलाफ पेश परिवाद में जिला उपभोक्ता फोरम ने एलआइसी पर 25 हजार रुपए जुर्माना करते हुए, दावा की राशि 3 लाख रुपए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 45 दिन के भीतर आवेदक को देने का आदेश दिया है।

रतनपुर क्षेत्र के मदनपुर रानीगांव निवासी प्रदीप वैष्णव के भाई सनत वैष्णव ने भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर से 3 लाख की जीवन लक्ष्य पॉलिसी ली थी। पॉलिसी 28 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2036 तक के लिए थी। त्रैमासिक किश्तों का भुगतान किया जाना था। पॉलिसीधारक की मौत के बाद नामनी प्रदीप कुमार ने बीमा निगम में बीमा राशि प्राप्त करने आवेदन दिया। वहीं पुलिस मर्ग में 27 जनवरी 2025 की शाम 7.15 बजे मौत होना बताया गया था। त्रुटिवश मृत्यु प्रमाणपत्र को सुधारने के बाद दूसरा प्रमाणपत्र दिया गया। इसके बावजूद बीमा निगम ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर कि मृतक ने त्रैमासिक किश्त का भुगतान समय पर नहीं किया। इस कारण से पॉलिसी की वैधता 26 जनवरी 2025 को समाप्त हो गई। आवेदक दावा राशि प्राप्त करने का हकदार नहीं है। श्री वैष्णव ने जिला उपभोक्ता फोरम में आवेदन प्रस्तुत कर दावा राशि दिलाने की मांग की। फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह, आलोक कुमार पाण्डेय ने सुनवाई में श्री वैष्णव एवं बीमा कंपनी के जवाब को सुनने के बाद पाया कि नियम के अनुसार, अगला किश्त जमा करने के लिए 30 दिन का समय रहता है। निगम ने इसकी गलत गणना की है। इस दिवस के अंदर की गणना करने पर पॉलिसी की वैधता 27 जनवरी 2025 की रात 12 बजे तक थी। पॉलिसीधारक की मौत 27 जनवरी 2025 को शाम 715 बजे हुई है। फोरम ने भारतीय जीवन बीमा निगम को आवेदश प्राप्त होने के 45 दिवस के अंदर श्री वैष्णव को बीमा राशि तीन लाख रुपए, 9 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने व 25 हजार रुपए मानिसक क्षतिपूर्ति व 5 हजार रुपए वाद व्यय देने का निर्देश दिया है।

# राज्य सरकार बदले फंड का मद तब होगा एयरपोर्ट का विस्तार

### अनुपूरक बजट में मिले थे 150 करोड़ रुपए

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य सरकार से बिलासा एयरपोर्ट के लिए अनुपूरक बजट के आवंटित 100 करोड़ रुपए का मद परिवर्तन करने की मांग की है। समिति ने कहा कि आवंटित डेढ़ सौ करोड रुपए में से रक्षा मंत्रालय को 50 करोड़ रुपए दिए गए है। शेष 100 करोड़ रुपए का मद परिवर्तन कर रनवे विस्तार व एयरपोर्ट विकास में लगाया जाना चाहिए।

दरअलस बिलासा एयरपोर्ट में बेहतर हवाई सुविधा का सपना बिना रनवे विस्तार के बिना अधूरा है। एयरपोर्ट का रनवे केवल 1490 मीटर लंबा है वहीं बोइंग और एयरबस, 80 सीटर विमान बम्बार्डियर और अंब्रेरर जैसे मध्यम आकार के विमान के लिए रनवे की लंबाई बढ़ाना जरूरी है। एटीआर 72 विमान भी गर्मी के दिनों में क्षमता के अनुरूप उड़ान नहीं भर सकता है। जिससे नई उड़ानों की संभावना बहुत कम हो जाती है। 710 मीटर के विस्तार में 70 करोड़ रुपए खर्च होने अनुमान है जबकि आवंटित राशि 100 करोड़ रूपए शेष है। इससे टर्मिनल भवन और एटीसी टावर भी बनाया जा सकता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के धरने में शिरीष कश्यप, ऋषि राज गौतम, प्रतीक तिवारी, संतोष पीपलवा,प्रकाश बहरानी महेश दुबे, अनिल गुलहरे, राशिद बख्श, देवेंद्र सिंह ठाकुर, दीपराज उपाध्याय, मजहर खान, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

---

**सीएमपीडीआई के सहयोग से मिली मशीन, मरीजों को होगा फायदा**

# सिम्स को मिली अल्ट्रासाउंड एवं कार्डियोटोकोग्राफी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग के सबसे बड़े सिम्स अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार, स्वास्थ्य सेवाओं मुहय्या कराने सीएमपीडीआई ने सीएसआर मद से आत्याधुनि चिकित्सा मशीनें दी है। शनिवार को डॉ. संजय अग्रवाल, डीन डॉ रमणेश मुर्ति, अधीक्षक डॉ लखन सिंह की उपस्थिति में औपचारिक तौर पर मशीनों की एमओए की प्रति ली गई है।



सीएमपीडीआई के सीएसआर सहयोग से सिम्स को मिली अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण जैसे उच्च क्षमता की अल्ट्रासाउंड मशीन एवं सीटीजी (कार्डियोटोकोग्राफी) मशीन दी गई। जिनसे मरीजों की जांच एवं उपचार व्यवस्था और सुदृढ़ हो सकेगी। अल्ट्रासाउंड मशीन से आंतरिक अंगों की जांच स्पष्टता एवं सटीकता के साथ की जाएगी। गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान में सहायता मिलेगी। वहीं सीटीजी मशीन गर्भवती महिलाओं एवं गर्भस्थ शिशु की हृदय गति और स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी में सहायक होगी। इससे हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों में समय रहते इलाज संभव होगा। इस दौरान सीएमपीडीआई क्षेत्रीय संस्थान के विभागाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव उपस्थति रही। साथ ही नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता रमन जोगी, डॉ दीपिका सिंघ, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट स्वाति कुमार, उज्जवला दास, सरिता बहादुर, पिंकी दास, नमिता वानी, सीत कुरे, पुष्पलता शर्मा, नेहा उड़ान व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. संजय अग्रवाल ने कहा कि सिम्स में रोजाना 2 हजार अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं।

### उपचार में होता है सुधार

आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है, मरीजों को बेहतर उपचार एवं उन्नत तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गंभीर रोगों के निदान एवं उपचार में सफलता मिल रही है।

**-डॉ. रमणेश मूर्ति**, डीन

### त्वरित जांच संभव

मशीनों से जांच प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक एवं सुविधाजनक होती है, चिकित्सकों को गंभीर बीमारियों की पहचान करने में तकनीकी सहायता मिलती है, सीटीजी मशीन महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**-डॉ. लखन सिंह**, चिकित्सा अधीक्षक

---

# एवीएम के छात्र अरिहान ने एनडीए की लिखित परीक्षा में पाई सफलता



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र अरिहान श्रीवास्तव ने एक साथ दो महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अरिहान ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। साथ ही सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अरिहान की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अरिहान शिक्षा, खेल एवं नेतृत्व तीनों क्षेत्रों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है तथा अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना का परिचय दिया है। इसके अतिरिक्त अरिहान वर्तमान में एसएसबी साक्षात्कार की तैयारी में भी जुटे हुए हैं। वे भारतीय सशस्त्र बल में अधिकारी बनने के अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं। अरिहान श्रीवास्तव आज विद्यालय के सैनिक स्कूल कैडेट्स के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुके हैं। अरिहान श्रीवास्तव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के भतीजे तथा रश्मि श्रीवास्तव एवं डॉ. अजय श्रीवास्तव के सुपुत्र हैं। परिवार के संस्कार, अनुशासन एवं शिक्षा के प्रति समर्पण ने अरिहान के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, निदेशक एस.के. जनास्वामी, प्राचार्य जी.आर. माधुलिका ने अरिहान एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अरिहन श्रीवास्तव आज विद्यालय के सैनिक स्कूल कैडेट्स के लिए प्रेरणा श्रोत बन चुके हैं। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि अनुशासन निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच एवं देश सेवा के प्रति समर्पण के माध्यम से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के अन्य कैडेट्स इनसे प्रेरणा ले सकते हैं।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 17 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## पंजाबी समाज की कार्यकारिणी का विस्तार, बैठक में की गई चर्चा



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा ने अपनी नई कार्यकारणी घोषणा की है। सभी नई कार्यकारणी सदस्यों द्वारा सरदार परमजीत सिंह सलूजा प्रधान का स्वागत किया। नई कमेटी की पहली मीटिंग भी रखी गई थी जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यकारिणी में प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा उपाध्यक्ष मंजीत सिंह अरोरा, महेंद्र सिंह गंभीर ,सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, चरणजीत सिंह गंभीर,अंकित गुम्बर, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह, अजमानी सह सचिव बलजीत सिंह गंभीर, जसवीर सिंह गांधी, अमनदीप सिंह होरा, सह कोषाध्यक्ष अजीत सिंह सलूजा, किरणपाल सिंह चावला, राजकुमार सलूजा, स्टेज सकतर नरेंद्रपाल सिंह गांधी एवं कार्यकारणी मेंबर अमरजीत सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह टुटेजा, अनिल सिंह सलूजा, अमोलक सिंह सलूजा, अमोलक सिंह राजपाल, अंशुल गुंबर, असित पाल सिंह जुनेजा सहित विभिन्न सदस्यों को कार्यकारिणी में जगह दी गई है।

कार्यक्रम

## स्वयंसिद्धा फाउंडेशन ने लगाया वाटर कूलर



**बिलासपुर।** मां महामाया ट्रस्ट एवं स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्री नवदुर्गा शक्तिपीठ मंदिर समिति जराहभाटा मंदिर चौक में वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष व चेयरमैन संजय दुबे ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि संजय दुबे ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में आम नागरिकों और राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। ऐसी सेवा से समाज को एक नई दिशा मिलती है। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष प्याऊ घर और वाटर कूलर की सेवा आम जनता तक पहुंचाई जाती है। संस्था के सचिव नवीन दुबे ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे इन सेवा कार्यों का दायित्व सिर्फ स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों में भी निभाया जा रहा है। इस अवसर पर ऋतु साहू, श्वेता सिंह, रम्या सुभाष, विजय लक्ष्मी, विमला रजक मौजूद रहे।

जागरूकता

## पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 15 मई से 5 जून के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित न होकर एक विस्तारित कालखंड में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें चरणबद्ध रूप से जागरूकता, संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। पर्यावरण शपथ के साथ इस अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मंडल के सभी कार्यालयों, स्टेशनों एवं कार्यस्थलों पर अधिकारियों तथा सभी कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने, दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी बदलाव अपनाने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। इस अभियान के अंतर्गत मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रेरणा

## मोबाइल सुरक्षित लौटाकर ऑटो चालक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**बिलासपुर।** आज के समय में जहां खोई हुई वस्तु वापस मिलना मुश्किल माना जाता है, वहीं शहर के ऑटो चालक गोलू साहू ने ईमानदारी का परिचय देते हुए समाज मिसाल पेश की है। गोलबाजार व्यापारी रोशन गुप्ता का मोबाइल ऑटो में सफर के दौरान छूट गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब मोबाइल नहीं मिला तो व्यापारी ने उसके खोने की उम्मीद छोड़ दी। इसी बीच ऑटो चालक को सीट पर मोबाइल मिला, चालक ने बिना किसी लालच के मोबाइल को सुरक्षित अपने पास रखा और उसमें मौजूद संपर्क नंबरों के माध्यम से उसके मालिक तक पहुंचने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद व्यापारी से संपर्क स्थापित हुआ और उन्हें मोबाइल मिलने की जानकारी दी गई। ऑटो चालक ने उनका मोबाइल को गोलबाजार दुकान पहुंचकर वापस सौंप दिया। कीमती मोबाइल वापस मिलने पर व्यापारी बेहद खुश नजर आए और ऑटो चालक की ईमानदारी की जमकर सराहना की,व्यापारी ने कहा कि आज के समय में इस तरह की ईमानदारी बहुत कम देखने को मिलती है। ऑटो चालक का यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और यह संदेश देता है कि ईमानदारी आज भी जीवित है।



# वट सावित्रीः अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने की पूजा

**ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को शहर में वट सावित्री व्रत श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही वट वृक्ष स्थलों पर सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ी, सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र, सफलता, सेहत और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माना जाता है कि इसके प्रभाव से रिश्तों में प्रेम-विश्वास और खुशियां आती हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है, वट-सावित्री का यह व्रत पति की लंबी आयु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए रखा जाता है। इसके चलते इस पूजा का काफी महत्व होता है धार्मिक मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इसी आस्था के साथ महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर बरगद के वृक्ष की पूजा की तथा कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की, पूजा के दौरान महिलाओं ने सत्यवान-सावित्री की कथा का श्रवण एवं पाठ किया। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से मंगल गीत गाए। भीगे चने, फल, फूल और श्रृंगार का सामान अर्पित कर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी और पति का आशीर्वाद लिया।





**यह है मान्यता**

पौराणिक कथा के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और दृढ़ संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। सुहागिन महिलाएं बरगद के वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना कर सुहाग सामग्री, फल-फूल और प्रसाद अर्पित करती हैं तथा पति की मंगल कामना करती हैं।



शहर समेत पूरे अंचल की महिलाएं निर्जला उपवास कर वट वृक्ष के पूजा की सावित्री सत्यवान की कथा सुन वैदिक परंपरा के अनुसार श्रद्धा भाव से पूजन हवन कर अपने पति के दीर्घायु व सुख समृद्धि के कामना की।



जूना बिलासपुर में महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा कर पति के दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर महिलाएं 16 श्रृंगार कर लाल परिधान में कथा सुनकर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात महिलाओं ने मंगल गीत गाया।



राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने अखंड सौभाग्य सुख समृद्धि के लिए वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की। संभाग प्रभारी मीनू दुबे, सचिव शशि प्रभा पांडे, लता दुबे पूर्णिमा मिश्रा शारदा तिवारी, आरती द्विवेदी ने बट सावित्री व्रत के शुभ मुहूर्त में बट वृक्ष की पूजा अर्चना अन्य सभी बहनों के साथ में मिलकर की। प्रतिभा पांडे, जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष, संजना मिश्रा, जिला प्रभारी नम्रता शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा मौजूद थी।



शहर के अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की सभी बहनों ने वट सावित्री पूजा की। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष चित्रा तिवारी ने बताया कि शनि अमावस्या पर राजकिशोर नगर स्थित स्लम एरिया में महिलाओं को फल, वस्त्र और सुहाग सामग्री वितरित की।



सुमंगल परिसर निवासी विमला जाजोदिया के यहां पूजा की गई। परिक्रमा लगाकर अखंड सुहाग का आशीर्वाद लिया। कथा सुनकर आरती की। विमला, मेघा, किरण, विनीता, पूजा, ममता, आरती, नीलम, रेखा सभी ने पूजा की।



मंगला सहित पूरे क्षेत्र में विवाहित महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए वट सावित्री व्रत को पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ पेड़ की परिक्रमा करते हुए पूजन किया।



महिलाओं ने वट सावित्री का पूजन कर पति व परिवार के खुशहाली की कामना की। इस मौके पर निर्मला सिंह, पूनम सिंह, रेखा, आयुषी सिंह, कुमुदनी, लख्नी सहित महिलाओं ने कथा सुन आशीर्वाद लिया।



तिफरा विकास नगर वार्ड नंबर 8 में वट सावित्री पूजा की गई। महिलाओं ने उपवास रहकर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। साथ ही परिवार व समाज की खुशहाली की कामना की।

कार्नर न्यूज

## दुर्लभ संयोग में शनि जन्मोत्सव मना हजारों लीटर तेल से किया गया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस वर्ष शनि अमावस्या और शनिवार का दुर्लभ संयोग बनने से शनि जन्मोत्सव मंदिरों में भव्य रूप से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और महाअभिषेक दिनभर चलता रहा। पूजा में सैकड़ों लीटर तेल, उड़द दाल, काले तिल, दूध, दही भगवान को अर्पित किया गया। मंदिर परिसर आकर्षक सजावट और रोशनी से सजा था, दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों चला, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।

ज्योतिषियों ने बताया कि शनि जयंती का शनिवार के दिन आना अत्यंत दुर्लभ संयोग माना जाता है। ऐसा योग लगभग 13 वर्षों बाद बना है। इसके साथ ही रेवती, रोहिणी, भरणी और कृत्तिका नक्षत्रों सहित कई शुभ योगों का संयोग पर्व के महत्व को और बढ़ा रहा है। मान्यता है कि शनि अमावस्या के दिन शनि देव की पूजा करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। इसी आस्था के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर परिवार की के खुशहाली की कामना की। शनि सेवा समिति के सेवक जयेंद्र गोले ने बताया कि सुबह 4 बजे भगवान शनि का 51 लीटर तेल से विशेष अभिषेक किया गया। इसके बाद दिन भर श्रद्धालुओं द्वारा तेल अर्पित कर अभिषेक करेंगेकिया गया। मंदिर परिसर में खीर का प्रसाद वितरित किया गया, इसके अलावा हरदेवलाल मंदिर, तिफरा काली मंदिर, कुदुदंड काली मंदिर, भैरव बाबा मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान, हवन कर प्रसाद वितरण किया गया।



## राजगीर और मदसरवा में उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब आज से

भारतीय काल-गणना केवल पंचांग के पन्ने नहीं, बल्कि खगोल विज्ञान और ऋषियों की तपस्या का जीवंत अभिलेख है। वर्ष 2026 का ज्येष्ठ मास एक ऐसा ही दुर्लभ अवसर लेकर आ रहा है, जहाँ प्रकृति और आध्यात्मिकता का एक अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष 'अधिक मास' के जुड़ जाने से ज्येष्ठ का महीना लगभग 60 दिनों का होगा, जिसे पौराणिक भाषा में 'महा-ज्येष्ठ' या 'पुरुषोत्तम मास' कहा जाता है।



श्री पीताम्बरा पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने इस दुर्लभ संयोग के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि ब्रह्मांडीय गति के अनुसार सौर वर्ष और चंद्र वर्ष के बीच प्रति वर्ष 11 दिनों का अंतर आता है। इस अंतर को पाटने के लिए हर 2 माह बाद एक 'अधिक मास' की व्यवस्था की गई है। प्राचीन काल में इसे 'मलमास' कहकर उपेक्षित किया गया था, लेकिन भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम 'पुरुषोत्तम' देकर जगत का सबसे पवित्र महीना बना दिया। इस वर्ष यह दिव्य संयोग 17 मई से 15 जून के बीच बन रहा है, जहाँ ज्येष्ठ की तपती गर्मी भक्तों के लिए अक्षय पुण्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। महाराज श्री ने बताया कि इस पावन अवधि में नालंदा जिले का राजगीर ब्रह्मांड का केंद्र बन जाता है। पौराणिक संदर्भों के अनुसार, ब्रह्मा के मानस पुत्र मगध नरेश राजा वसु ने यहाँ एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया था, जिसके प्रभाव से स्वर्ग के द्वार खुल गए थे। मान्यता है कि मलमास के दौरान कोटि देवी-देवता राजगीर के पवित्र ब्रह्मकुंड और सप्तधाराओं में निवास करते हैं। इस समय अन्य सभी तीर्थ 'मल' माने जाते हैं और केवल राजगीर ही पूर्णतः जागृत तीर्थस्थल होता है। राजा वसु की न्यायप्रियता से प्रसन्न होकर श्रीहरि विष्णु ने इस क्षेत्र को यह विशेष वरदान दिया था। आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने श्रद्धालुओं के कल्याणार्थ के लिए के कुछ विशेष नियम और उपाय सुझाए हैं जिसमें साधना और दान का महत्व 2 मई से शुरू होकर 21 जून तक चलने वाले इस 'महा-ज्येष्ठ' की भीषण गर्मी में जल और छाया का दान ही सबसे बड़ा धर्म है। इस माह के देवता वरुण (जल देव) और सूर्य हैं, इसलिए राहगीरों के लिए प्याऊ लगवाना और पशु-पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना अनंत फलदायी है।

## खबर संक्षेप

### शाश्वत बने उप पुलिस अधीक्षक, मिला आदेश



**बेलतरा।** लंबी कानूनी लड़ाई के पश्चात पीएसी 2021 के चयनित परीक्षार्थियों को कोर्ट के आदेश अनुसार जॉइनिंग हेतु आदेश मिला। इसमें ग्राम उर्तुम निवासी शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र गौरहा के भांजे, बेलतरा भाजयुमो उपाध्यक्ष यशवर्धन गौरहा के भाई व मंजू जगदीश मिश्रा के पुत्र शाश्वत मिश्रा का चयन उप पुलिस अधीक्षक के रूप में हुआ है वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ शासन में राज्य लेखा अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे हैं।

### श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुए श्रद्धालु



**मुंगेली।** श्रीरामलला दर्शन के लिए बुधवार को जिले से दर्शनार्थियों के दल को अयोध्या रवाना किया गया। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत पवन पांडेय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि लल्लू सिंह, संतु सिंह, जनपद सीईओ संतोष कुमार घोषले सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान के तहत कचरे डब्बे का वितरण



**लोरमी।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में पार्षद निधि से एक हजार परिवारों को स्वछता अभियान के तहत गीला एवं सूखा कचरा रखने के लिए डिब्बे का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजीत वर्मा एवं पार्षद सालिक बंजारे ने सीएमओ चंदन शर्मा, सभापति राजेन्द्र सलूजा, पार्षद शशांक वैष्णव सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्डवासी एवं नपा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जल व्यवस्था सुदृढ़ करने पाइपलाइन विस्तार का भूमिपूजन

**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत महमंद के वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में पीने के पानी की



समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य के शुरू होने से क्षेत्र के निवासियों को लंबे समय से चली आ रही जल समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा अजा प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, सरपंच प्रतिनिधि विक्की निर्मलकर, पंच संजय सूर्यवंशी, अमित रजक, रामा टंडन, सीना यादव, ललन सूर्यवंशी, मनहरण यादव, दिलहरण रजक, तापस गुप्ता, माधव साहू, योगेश सूर्यवंशी, दशरथ साहू, सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि, यह पाइपलाइन विस्तार कार्य ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास के लिए इस प्रकार के जनहितकारी कार्य लगातार किए जाते रहेंगे।

### मेडिकल टीम ने मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस




**लोरमी।** खंड चिकित्सा अधिकारी एवं लोरमी मेडिकल टीम के सदस्यों ने ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया। ज्ञात हो कि, विश्व डेंगू दिवस 16 मई को मनाया जाता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया यह दिन लोगों के डेंगू के खतरे इसके लक्षण एवं बचाव के उपायो के प्रति जागरूक करने का मुख्य उद्देश्य रखता है। इस मौके पर मेडिकल टीम ने 50 बिस्तर हॉस्पिटल में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीएस दाऊ से मुलाकात की एवं मरीजों को डेंगू के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ, जमुना मरकाम, आशिमा डायमंड, अनामिका पाल, बबलू निषाद, नोहर कश्यप, मेडिकल टीम अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, सचिव मुकेश कश्यप, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, जितेंद्र साहू, जितेंद्र राजपूत, टुकेश्वर साहू, संतोष जायसवाल, तिरिथ साहू आदि उपस्थित रहे।

## नेवसा शिविर में 219 आवेदनों का मौके पर समाधान

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभः सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में 1 मई से सुशासन तिहार का सफल आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बिल्हा विकासखंड के नेवसा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अलग-अलग विभागों के लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर उपस्थित नागरिकों से चर्चा की और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने की अपील की। नेवसा समाधान शिविर में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल 467 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 219 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर स्थल में अलग-अलग हितग्राही मूलक योजनाओं के आबंटन पत्र, चेक का वितरण भी हितग्राहियों को किया गया।

इस मौके पर सुशांत शुक्ला ने कहा कि, सुशासन शिविरों के माध्यम से आज शहर और सुदूर वनांचलों तक योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ पहुंच रहा है। आमजनों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का आरंभ किया है। सुशासन तिहार के तहत आमजनों की समस्या की सुनवाई और निराकरण हो रहा है।

हितग्राही हुए लाभान्वित- शिविर में खाद्य विभाग ने निर्मला धीवर को उज्जवला योजना का लाभ प्रदान किया। साथ ही 9 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, 2 किसान हितग्राहियों को ऋण वितरण, 9 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, 2 हितग्राहियों को श्रम विभाग द्वारा महतारी जतन योजना के तहत 20-20 हजार की राशि का चेक वितरण, 2 हितग्राहियों को श्रम पंजीयन कार्ड, 5 शिशुओं का अन्नप्रासन, 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, 3 हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरण, 10 हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण किया गया। साथ ही अन्य को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

शिविर में जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिपं सदस्य अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप, जपं विक्रम सिंह, जिपं सदस्य कमला विजय साहू, प्रकाश कमलसेन, सुरेखा मनोज पटेल, उषा सोरठे, राजेन्द्र साहू, उमेश गौरहा, सरपंच, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिपं सीइओ संदीप अग्रवाल, एसडीएम, सीईओ जनपद कुमार लहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, निराकरण के निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आवेदन निराकरण की प्रगति की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, सुशासन तिहार का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए तथा प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित मांगों पर विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और शासन के प्रति विश्वास मजबूत हो। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

## पेट्रोल, डीजल की सुचारू आपूर्ति के लिए प्रशासन मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति बनने लगी थी, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल निगरानी व्यवस्था लागू की।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि, पेट्रोल पंपों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, विवाद अथवा कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि, वे किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल एवं डीजल की खरीदी करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि, जिले में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नागरिकों से धैर्य एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की गई है, ताकि जिले में शांति एवं सुव्यवस्था कायम रह सके। इसी के तहत अनुभागीय अधिकारी मुंगेली, लोरमी और पथरिया के द्वारा राजस्व, नगरीय प्रशासन, खाद्य, कृषि, मनरेगा एवं अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियुक्त अधिकारी लगातार पेट्रोल पंपों की निगरानी कर रहे हैं तथा भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। जिले के पेट्रोल पंपों में भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तैनात किया गया है। साथ ही प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि, पेट्रोल एवं डीजल वितरण कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संचालित हो। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आम नागरिकों, किसानों, एम्बुलेंस सेवाओं तथा आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों को भी पर्याप्त सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## बांधी ने किया 41 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**मस्तूरी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने मस्तूरी में 41 लाख की लागत से होने वाली विभिन्न योजनाओं से संबंधित निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर डॉ बांधी ने केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रदेश में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार शिविर के संबंध में अवगत कराते हुए लोगों से अपनी समस्याओं को लेकर 18 मई को ब्लॉक मुख्यालय मस्तूरी में आयोजित होने वाली शिविर में उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि, समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे जिसमें, समस्याओं का निदान तत्काल होगा।

डा. कृष्णमूर्ति बांधी ने ग्राम पंचायत मस्तूरी अंतर्गत होने वाले साप्ताहिक बाजार के पास 13 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, मुक्तिधाम में 16 लाख की लागत से आहाता निर्माण, इंदिरा आवास में स्थित तालाब में तीन लाख की लागत से पचरी निर्माण, सखी बैंक से बड़े तालाब जाने



वाली धरसा में 3 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में 6 लाख की लागत से होने वाले परिवर्धन परिवर्तन कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही पनभरिया तालाब के मेड़ पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सरपंच सुनीता सारथी, प्रतिनिधि विनोद सारथी, उपसरपंच प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह, साजन दास पंजवानी, संतोष मिश्रा, ठाकुर अजय सिंह, टेकराम यादव, सुरेंद्र त्रिपाठी, संजय गुप्ता, रामचंद्र यादव, गजानंद राठौर, गजानंद विश्वकर्मा, शिव यादव, रामेश्वर यादव, पवन श्रीवास, गजेंद्र गुप्ता, छेदी श्रीवास सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज

**तखतपुर।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 17 से 25 में मई तक मां चंडी देवी मंदिर बहुरता में किया गया है। इसमें कथावाचक पंडित प्रकाश पांडे, आचार्य पंडित अंकित गौरहा, मुख्य यजमान सरस्वती सोनू साहू है। आयोजन की तैयारी में सीमा राजकुमार पांडे, गणेश, निर्मला, पूनम साहू, हीरा सिंह, पुष्पा सिंह, कृष्ण कुमार पांडे, शेषनारायण पांडे सहित अन्य जुटे हुए हैं। कथा का समय दोपहर 3 बजे से निर्धारित है।

## 40 पाव शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**जरहागांव।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन बाज' के तहत अवैध शराब तस्करी और बिक्री के खिलाफ मुंगेली पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना जरहागांव और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अवैध शराब परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को 15 मई की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि, जरहागांव-पथरिया मोड़ रोड के पास दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से बड़ी मात्रा में शराब ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना जरहागांव और साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राजेश उर्फ घोघरो धुरी निवासी बरेला थाना जरहागांव जिला मुंगेली तथा मनोज श्रीवास निवासी पांडातराई थाना तखतपुर



जिला बिलासपुर बताया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 22 पाव देशी प्लेन शराब और 18 पाव गोवा अंग्रेजी शराब कुल 40 पाव शराब 7.2 बल्क लीटर बरामद की गई, जिसकी कीमत 3 हजार 920 रुपए बताई गई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 ईए 7406 भी जब्त कर ली। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना जरहागांव में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) और 59(क) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## ट्रेलर ड्राइवर का मोबाइल गुमा, खाते से 90 हजार गायब

**खमरिया।** ग्राम कुंली निवासी वासुदेव वैष्णव पिता रामदास वैष्णव दीपका से गतोरा ट्रेलर चलने का काम करता है। प्रतिदिन की तरह वह 12 मई को दीपका से कोयला लेकर आ रहा था।

रास्ते में वह किसी काम से जो की कुली के पास किसी काम से रुका था, इस दौरान उसका मोबाइल कहीं गिर गया। उसने मामले की सूचना सीपत थाने में दी एवं मोबाइल लॉक करने की बात कहकर वहां से चला गया। जियो ऑफिस में जाने पर केवाईसी नहीं होने के कारण सिम बंद नहीं हुआ। 13 मई शाम को मोबाइल पर मैसेज आया कि, मेरा पैर टूट गया है, मुझे पैसे की मदद करें। इस पर 6 लोगों ने बिना सोचे समझे उसके फोनपे नंबर पर पैसा डाल दिया एवं धोखाधड़ी का शिकार हो गए। मैसेज देखकर कुछ रिश्तेदारों ने उनके घर पर फोन कर जानकारी ली ते पता चला कि, वह घर पर स्वस्थ है।

इस पर वासुदेव वैष्णव ने अपने जानने वालों को पैसा नहीं डालने की बात कही। 14 मई की सुबह उसने बैंक जाकर अपना खाता चेक किया तो, खाते से रकम गायब थी। इस पर वासुदेव ने साइबर क्राइम में शिकायत की गई, जहां जानकारी मिली कि उसके खाते से पांच ट्रांजेक्शन के माध्यम से पैसा निकला गया है, जो जांच के बाद 2 दिन में पता चल जाएगा। साथ ही मामले की सूचना थाने में देने की बात कही गई।

## संस्था प्रबंधक की लापरवाही से किसानों में आक्रोश

**मस्तूरी।** स्थानीय सेवा सहकारी समिति में संस्था प्रबंधक की लापरवाही के चलते किसानों को खाद, बीज, केसीसी के लाले पड़ रहे हैं। आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार को सहकारी संस्था को उप पंजीयक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल संस्था प्रबंधक नियुक्त कर समिति के कार्य को सुचारू रूप से संचालन कराने कि मांग की है। ज्ञात हो कि स्थानीय सेवा सहकारी समिति क्रमांक 169 में पदस्थ प्रभारी संस्था प्रबंधक हमेशा संस्था से गायब रहता है। किसान जब उनके घर पर जाकर मिलते हैं, तो कल आने की बात कहकर लौटा देता है। इस पर किसान जब दीसरे दिन संस्था पहुंचता है, तब संस्था का दरवाजा बंद रहता है। वर्तमान समय में



किसानों को खाद बीज के साथ-साथ केसीसी की आवश्यकता होती है, लेकिन अक्सर यह संस्था बंद रहती है। यदि कोई रहता भी है तो वह कोई काम का नहीं होता। स्थानीय सहित दूर-दराज से पहुंचे किसानों को प्रति दिन मायूस होकर वापस जाना होता है। ज्ञापन देने वालों में किसान बसंत कुमार, लक्ष्मण, विश्व प्रताप धीरज, हेतराम पटेल, सूरज कुर्रे, विजय धिरही, चंद्रपाल चौधरी, विश्राम प्रसाद, गोपी लाल टंडन, विजय टंडन सहित अन्य किसान शामिल थे।

**न्यायालय तहसीलदार जरहागांव**
**जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**नोटिस**

रा.प्र.क्र.RD202526630128200003/
अ-27/2025-26
ग्राम - लोहराकापा प.ह.नं. 03

एतद् द्वारा 1. तिरिथ बाई पिता तितरा पति भगत खांडे निवासी ग्राम ढनढन तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर 2. राम अवतार पिता तितरा जाति सतनामी निवासी ग्राम लोहराकापा तहसील जरहागांव जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रहस बाई पिता तितरा पति पप्पू सुल्तान जाति सतनामी निवासी ग्राम सोनबंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर वगैरह द्वारा ग्राम लोहराकापा पटवारी ह.प.न. 03 रा.नि.म. जरहागांव तहसील जरहागांव जिला मुंगेली में स्थित संयुक्त खाता की भूमि खसरा नंबर 297/7 रकबा 0.223 हे. का छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 178 के तहत खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमें आप बतौर आवेदिका क्र. 03 एवं अनावेदक है। अतः उक्त खाता विभाजन के संबंध में कोई आपत्ति / दावा या उजर हो तो आप स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 29.05.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उक्त खाता विभाजन के संबंध में मौन सहमति मानी जावेगी।

आज दिनांक 12.05.2026 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन/स्थल निरीक्षण सूचना**

प्रति, सर्वश्री/श्रीमती 1. प्रणय प्रकाश अग्रवाल/जय प्रकाश अग्रवाल 2. एस.आर. साहू अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषयः- सीमांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 13/04/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47 रा.नि.म. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर के (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 1300, 1303/1, 1303/2, 1308, 1310, 1324, रकबा 0.809, 0.445, 0.910, 0.703, 0.299 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी प्रणय प्रकाश अग्रवाल पिता/ पति जय प्रकाश के द्वारा सीमांकन/ स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 19/05/26 को समय 12:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।
टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल निरीक्षण/बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार, सकरी,जिला बिलासपुर को सूचनार्थ। 2. प.ह.नं. 47 को सूचनार्थ।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. पेण्डारी, तह.सकरी**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

अशोक दुबे वगैरह ...वादीगण
विरूद्ध
आम जनता ......प्रतिवादी
प्रकरण क्रमांक 348ए/2024
आदेश दिनांक 04.05.2026
पेशी दिनांक 29.06.2026
प्रोसेस दिनांक 45 (a)/15.5.2026

इस न्यायालय में वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध मौजा ग्राम-सैदा, पहनं. -41, रानिमं. अमसेना, तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर-200/2 रकबा 0.2430 हेक्ट. भूमि का वाद वास्तें सिविल मृत्यु की घोषणा का वाद प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 29.06.2026 को नियत है। प्रतिवादी क्रमांक-01 आम जनता बिलासपुर छ.ग. को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में पेशी दिनांक-29.06.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक-29.06.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थागित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक-14/05/2026
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
(अनूप तिग्गा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00047 बिरकोना मन. 2
ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526400111200072

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00047 के अंतर्गत ग्राम बिरकोना मन. 2 के वर्तमान भूमिस्वामी अंजनी बेवा रामस्नेही तुलसीराम निमेशचन्द पुरुषोत्तम मालती माधवी सभी पिता/पति-स्व रामस्नेही पता रामप्यारे हेमलाल अमरिका चन्द्रभागा सभी पिता/पति-रामफल दुबे पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 253 (0.2140), 472/10 (0.0240), 838/1 (0.9550), 897 (0.9710) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता आलोक शर्मा पिता/पति-भूषण लाल शर्मा पता-सरकंडा, ना बा अविरल शर्मा ना बा सौम्या शर्मा वली पिता/पति-आलोक शर्मा पता-सरकंडा के नाम पर पंजीयन/ फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/04/2026 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**PRAKRITI DHRUW**
**बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00047 बिरकोना मन. 2
ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526400111200071

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00047 के अंतर्गत ग्राम बिरकोना मन. 2 के वर्तमान भूमिस्वामी अंजनी बेवा रामस्नेही तुलसीराम निमेशचन्द पुरुषोत्तम मालती माधवी सभी पिता/पति-स्व रामस्नेही पता रामप्यारे हेमलाल अमरिका चन्द्रभागा सभी पिता/पति-रामफल दुबे पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 253 (0.2140), 472/10 (0.0240), 838/1 (0.9550), 897 (0.9710) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ना बा अविरल शर्मा ना बा सौम्या शर्मा वली पिता/ पति-आलोक शर्मा पता-सरकंडा, आलोक शर्मा पिता/ पति-भूषण लाल शर्मा पता-सरकंडा के नाम पर पंजीयन/ फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/04/2026 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**PRAKRITI DHRUW**
**बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00047 बिरकोना मन. 1
ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526400106400160

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00047 के अंतर्गत ग्राम बिरकोना मन. 1 के वर्तमान भूमिस्वामी रामप्यारे हेमलाल अमरिका चन्द्रभागा सभी पिता/पति-रामफल दुबे पता-अंजनी बेवा रामस्नेही तुलसीराम निमेशचन्द पुरुषोत्तम मालती माधवी सभी पिता/पति-स्व रामस्नेही पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1051 (0.0080), 1616 (0.0490), 814 (0.9300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आलोक शर्मा पिता/पति-भूषण लाल शर्मा पता-सरकंडा, ना बा अविरल शर्मा ना बा सौम्या शर्मा वली पिता/पति-आलोक शर्मा पता-सरकंडा के नाम पर पंजीयन/फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/04/2026 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**PRAKRITI DHRUW**
**बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार जरहागांव**
**जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**नोटिस**

रा.प्र.क्र.RD202526630128200002/
अ-27/2025-26
ग्राम - लोहराकापा प.ह.नं. 03

एतद् द्वारा 1. तिरिथ बाई पिता तितरा पति भगत खांडे निवासी ग्राम ढनढन तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर 2. राम अवतार पिता तितरा जाति सतनामी निवासी ग्राम लोहराकापा तहसील जरहागांव जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रहस बाई पिता तितरा पति पप्पू सुल्तान जाति सतनामी निवासी ग्राम सोनबंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर वगैरह द्वारा ग्राम लोहराकापा पटवारी ह.प.न. 03 रा.नि.मं. जरहागांव तहसील जरहागांव जिला मुंगेली में स्थित संयुक्त खाता की भूमि खसरा नंबर 148/3, 186, 207, 226, 276, 346/2 रकबा क्रमशः 0.036, 0.162, 0.040, 0.304, 0.388, 0.040 हे. का छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 178 के तहत खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमें आप बतौर आवेदिका क्र.03 एवं अनावेदक है। अतः उक्त खाता विभाजन के संबंध में कोई आपत्ति/ दावा या उजर हो तो आप स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 29.05.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उक्त खाता विभाजन के संबंध में मौन सहमति मानी जावेगी।

आज दिनांक 12.05.2026 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

ललित नारायण झा
द्वारा-भाई सुधांशु शेखर झा ...आवेदक
विरूद्ध
मुख्य अधिकारी महोदय + 6 अन्य .अनावेदकगण
प्र.क्र. 89/2026
आदेश दिनांक 21.04.2026
पेशी दिनांक 10.07.2026
प्रोसेस क्रमांक 1807
आम जनता .......... अनावेदक

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध माननीय प्रधान न्यायाधीश जिला-बिलासपुर में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 14 मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम 2017 के तहत अभिभावक प्रमाण पत्र हेतु पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 10.07.2026 को है। अनावेदक आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में पेशी दिनांक 10.07.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश वह पेशी दिनांक 10.07.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता हैं या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता हैं तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 24/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान - बिलासपुर छ.ग.
दिनांक - 24/04/2026

**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 07.05.2026

आवेदक श्री सुभाष सेंगर आत्मज श्री बेदिलाल सेंगर उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बजरंग चौक सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी अंजली सूर्यवंशी आत्मजा श्री गोकुल प्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बिरकोना थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


सुभाष सेंगर


अंजली सूर्यवंशी

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 08.05.2026

आवेदक श्री सुमित कुमार आत्मज श्री गोकुल प्रसाद उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम बिरकोना थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी चन्द्रविता आत्मजा श्री परसराम सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम घुटकू पडरीपारा थाना कोटा तहसील गनियारी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


सुमित कुमार


कु.चन्द्रविता

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# सुहागिनों ने दिन भर रखा व्रत, पति की दीर्घायु के लिए की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में वट सावित्री का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर दिन भर का उपवास रखा और पूरे विधि-विधान से वट बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना की। शनिवार सुबह से ही नगर के विभिन्न वार्डों और चौक-चौराहों पर स्थित बरगद पेड़ों के नीचे पूजा के लिए महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। नए वस्त्रें और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष को जल, मौली, फल, फूल, रोली और पकवान अर्पित किए। इसके बाद महिलाओं ने वृक्ष के चारों ओर 7, 11, 21 या 108 बार परिक्रमा करते हुए सूत का धागा लपेटा और अपने सुहाग की रक्षा के लिए प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से बैठकर वट सावित्री, माता सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा सुनी। कथा में बताया गया कि किस तरह सती सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और पातिव्रत धर्म के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। मान्यता है कि, बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है, इसलिए इस दिन इसकी पूजा करने से वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है। पूजा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने भीगे हुए चने और फल का बयाना अपनी सास और घर की बुजुर्ग महिलाओं को देकर उनका आशीर्वाद लिया। इस व्रत में बांस के बने पारंपरिक पंखे से वट वृक्ष और पति को हवा झलने की भी परंपरा निभाई गई। पूजा के बाद महिलाओं ने अपना उपवास खोला। पर्व को लेकर पिछले दो दिनों से जिले के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिल रही थी। पूजा सामग्री, बांस के पंखे, मौसमी फल जैसे आम, लीची, खरबूजा और श्रृंगार के सामानों की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। आज सुबह भी मुख्य बाजार और चौक-चौराहों पर फल और फूल विक्रेताओं के पास काफी चहल-पहल रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस पावन व्रत को करने से परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।


वट वृक्ष की पूजा करती महिलाएं।

## श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया वट सावित्री पूजा पर्व

**जरहागांव।** नगर पंचायत जरहागांव में वट सावित्री व्रत एवं पूजा का पर्व इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर की सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना में जुट गईं। वट वृक्षों के समीप भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए विधिवत पूजा संपन्न की। पूजा स्थलों पर महिलाओं ने फल, फूल, रोली, अक्षत, धूप-दीप एवं मिठाइयों से सजी पूजा की थालियों के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा की तथा सावित्री-सत्यवान की पावन कथा का श्रवण किया। वट वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधते हुए महिलाओं ने अटल दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था, पारिवारिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति की मधुर छंटी बिखरी रही। महिलाओं न बताया कि हमारी, सांस्कृतिक परंपराएं केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार और समाज को जोड़ने वाले संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं।



उन्होंने सभी महिलाओं को वट सावित्री पर्व की शुभकामनाएं देते हुए परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। नगर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धा और संस्कृति से ओतप्रोत यह पर्व नगर पंचायत जरहागांव में सामाजिक समरसता और नारी आस्था का सुंदर प्रतीक बनकर उभरा। वट सावित्री व्रत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पंडित निशांत द्विवेदी ने बताया कि, यह पर्व भारतीय नारी शक्ति, समर्पण और अखंड सौभाग्य की आस्था का प्रतीक माना जाता है, जो पीढ़ियों से भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को जीवंत बनाए हुए है।

## सुहागिन महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत पूजन



रतनपुर। धार्मिक नगरी रतनपुर में शनिवार को वट सावित्री व्रत पूजा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। नगर की सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर बरगद के वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हिंदू धर्म में वर्ष भर मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व एवं त्योहार रिश्तों को मजबूती प्रदान करने के साथ सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। भाई-बहन, पति-पत्नी और माता-पुत्र के संबंधों को समर्पित रक्षाबंधन, हरछठ, करवा चौथ एवं तीज जैसे पर्वों की तरह जेठ माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत भी अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष का विशेष महत्व है। इसे आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जो वातावरण में शुद्धता एवं शीतलता प्रदान करता है।

## वट सावित्री पर्व पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

पथरिया। नगर में शनिवार को महिलाओं ने वट सावित्री पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर सुहागिनों ने बरगद के वृक्ष के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा पति की लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर व्रत रखा और बरगद के वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा धागा बांधा। पूजा के दौरान सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक माहौल बना रहा।




## श्रद्धा और भक्ति के साथ मना वट सावित्री व्रत का पर्व

तखतपुर। नगर में वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न वट वृक्ष स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। पुराना थाना परिसर स्थित वट वृक्ष के पास विशेष पूजा एवं व्यवस्था की गई थी, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर व्रत कथा का श्रवण किया तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ व्रत संपन्न किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा के लिए यह व्रत रखा था। तभी से सुहागिन महिलाएं अपने पति एवं संतान की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत करती आ रही हैं। पूरे आयोजन के दौरान महिलाओं में उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक आस्था का विशेष वातावरण देखने को मिला। पूजा के बाद महिलाओं ने परिवार की खुशहाली, सुखमय जीवन एवं समृद्धि की कामना की।



## सुहागन महिलाओं ने किया वट सावित्री पूजन

बोदरी। वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर यातायात नगर वार्ड क्रमांक 9 परसदा में सुहागन महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूजा संपन्न की। इस अवसर पर मंजू ललिता रजक ने बताया कि, वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह व्रत पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पूरे श्रद्धा भाव से यह व्रत रखकर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना करती हैं।



## पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

लोरमी। क्षेत्र में वट सावित्री व्रत एवं पूजा का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विवाहित महिलाओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार किया और वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही नगर के बाजारपारा सहित अन्य वार्डों में वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। महिलाओं ने पूजा की थाली में फल, फूल, मिठाई, धूप-दीप एवं पूजा सामग्री सजाकर वट वृक्ष की परिक्रमा की तथा कथा श्रवण कर व्रत का पालन किया। पूरे वातावरण में धार्मिक भक्ति और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की भावना देखने को मिली। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति की आस्था का प्रतीक है, जिसे वे हर वर्ष श्रद्धा भाव से मनाती हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं उपस्थित रहीं।



## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने किया वट वृक्ष का पूजन

सीपत। सीपत क्षेत्र में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा-अनुष्ठान संपन्न किया। महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर कच्चा धागा लपेटते हुए परिक्रमा की और सावित्री-सत्यवान की कथा श्रवण कर परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। क्षेत्र के मंदिरों और पूजा स्थलों पर भक्ति का माहौल बना रहा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखा।






LCIT GROUP OF INSTITUTIONS | ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

खबर संक्षेप

## होटल के मैनेजर पर चाकू से हमला



बिलासपुर। पूर्व में हुए विवाद में समझौता करने बुलाकर युवकों ने होटल के मैनेजर के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, कोनी स्थित छत्तीसगढ़िया होटल के मैनेजर रवेन्द्र सिंह ठाकुर पिता हरिशचंद्र ठाकुर को 15 मई की रात 9 बजे मुकेश साहू ने फोनकर पूर्व में हुए विवाद का समझौता करने के लिए गांव के लखनी तालाब के पास बुलाया। वे मिलने के लिए तालाब के पास गए तो मुकेश साहू, परमेश्वर साहू, ईश्वर साहू ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। परेश्वर, ईश्वर ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। जिससे उनके पेट, बाया हाथ में चोट आई है। पुलिस ने श्री ठाकुर की रिपोर्ट पर तीनों हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

## नदी में जुआ खेलते पकड़े गए 8 जुआरी

बिलासपुर। पुलिस ने अरपा नदी में दबिश देकर जुआ खेलते 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। 15 मई को सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि चांटीडीह नयापुल अरपा नदी के किनारे जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने नदी में घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते चांटीडीह निवासी रामकृपाल साहू, मोहम्मद मुस्तकीम, दीपू कश्यप, सचिन कश्यप को पकड़ लिया। इसी तरह चांटीडीह खानबाड़ा के पास दबिश देकर जुआ खेलते गौरव कश्यप, सिनटी कश्यप, सितांशु कश्यप, श्यामु कश्यप को पकड़ लिया। उनके पास से 6 हजार 610 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

## छेड़खानी करते पकड़े जाने पर ग्रामीण ने खाया जहर

बिलासपुर। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला 20 अप्रैल की रात बाथरूम करने बाहर निकली बिल्हा बरतोरी मोहतरा निवासी रामकुमार यादव पिता बसावन यादव उन्हें पकड़कर छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर घरवाले बाहर निकले तो रामकुमार यादव ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान रामकुमार ने महिला से माफी मांगने की बात कहा था। स्वस्थ होने के बाद भी उसके द्वारा माफी नहीं मांगने पर पीड़िता महिला ने 15 मई को रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रामकुमार यादव के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## गर्लफ्रेंड से बात करने पर छात्र को पीटा

बिलासपुर। गर्लफ्रेंड से बात करने पर युवकों ने छात्र के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रामग्रीन सिटी निवासी दिव्यांग अग्रवाल पिता मनीष अग्रवाल कक्षा बारहवीं की पढ़ाई कर रहा है। 14 मई को वह देवनंदन नगर के सामने काम्प्लेक्स में धोबी के दुकान पर कपड़ा देने गया था। लौटते समय दोपहर 12 बजे कंचन विहार गेट के पास पान दुकान में वह पानी की बोतल खरीदने के लिए रुका, वहां पहले से खड़े रिषि सोनी व तनमय गर्लफ्रेंड से बात करने का आरोप लगाकर गाली गलौज करने लगे, मना करने पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उनका मोबाइल कहीं गिर गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## तोरवा क्षेत्र 10 फरार वारंटी पकड़ाए, गए जेल

बिलासपुर। तोरवा पुलिस ने अभियान चलाकर फरार वारंटियों को पकड़कर जेल भेज दिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने स्टाफ के साथ क्षेत्र में अभियान चलाकर फरार वारंटी अमर ध्रुव पिता भीम ध्रुव साल देवरीडीह, रोहत ध्रुव पिता संतोष ध्रुव साल देवरीखुर्द, देवेन्द्र सिंह ठाकुर पिता विनोद सिंह साल देवरीखुर्द, छोटू उर्फ रितेश रजक पिता राधे रजक 27 साल तोरवा बस्ती, अल्हा रजक पिता धन्ना रजक 19 साल तोरवा, प्रकाश दास पिता गुरूवारू दास 19 साल अटल आवास देवरीखुर्द, अमर रजक पिता धन्ना रजक 36 साल तोरवा, विशाल ध्रुव पिता राधेलाल 37 साल दोमुहानी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

अजब गजब

### सकरी के नए तहसील भवन में खुलेगा उप पंजीयक कार्यालय

# व्यापार विहार में भवन है, लेकिन रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं

बिलासपुर। पंजीयन विभाग की ओर से बिलासपुर में व्यापार विहार सहित राजकिशोरनगर व सकरी में नया रजिस्ट्री आफिस उप पंजीयक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव भेजा गया था।

- राजकिशोर में स्वीकृति है पर भवन नहीं

व्यापार विहार में तो पंजीयन कार्यालय की ओर से किराए में भवन भी ले लिया गया, किन्तु शासन से व्यापार विहार उप पंजीयक कार्यालय की अनुमति नहीं मिल पाई है, जबकि राजकिशोरनगर की अनुमति मिल गई है तो वहां भवन नहीं मिल रहा है। सकरी में नए तहसील भवन में उप पंजीयक कार्यालय खोलने की सहमति बनी है। बिलासपुर मुख्यालय पंजीयन कार्यालय में भीड़भाड़ कम करने और जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की सुविधा को ध्यान में रखकर पंजीयन विभाग ने तीन नए उप पंजीयक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव दिया था। इसमें शहर के थोक मार्केट क्षेत्र व्यापार विहार, राजकिशोर नगर एवं सकरी क्षेत्र में उप पंजीयक रजिस्ट्री कार्यालय खुलना था। पंजीयन कार्यालय ने भी आगे से तैयारी करते हुए व्यापार विहार में इनकम टैक्स आफिस के पास भवन किराए से पहले से ले लिया था। लेकिन शासन ने अभी व्यापार विहार में उप पंजीयक कार्याल की अनुमति जारी नहीं की है, जबकि राजकिशोर नगर और सकरी में उप पंजीयक कार्यालय खोलने का नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। इस तरह जहां पहले से किराए से भवन ले लिया गया और आवश्यक तैयारी चल रही थी, उसकी अनुमति नहीं मिली है और जहां की अनुमति मिली है उसके लिए भवन नहीं मिल रहा है। शासन से दो जगह उप पंजीयक कार्यालय खोलने का नोटिफिकेशन के बाद जिला पंजीयन कार्यालय द्वारा राजकिशोरनगर में किराए पर भवन की तलाश की जा रही है। भवन उपलब्ध कराने के लिए पंजीयन कार्यालय द्वारा बिलासपुर एसडीएम व नगर निगम को पत्र भी लिखा गया है।

पंजीयन कार्यालय द्वारा मुख्य सड़क से जुड़े स्थान भवन को प्राथमिकता दिया जा रहा है जहां वाहन पार्किंग आदि के लिए जगह हो। वहीं सकरी में पहले नगर निगम के भवन को देखा जा रहा था, किन्तु अब सकरी के नए तहसील कार्यालय भवन को फाइनल किया गया है और तहसील कार्यालय के एक कमरे में रजिस्ट्री कार्यालय खोला जाएगा।





### पंजीयन विभाग की योजना

पंजीयन विभाग सभी जिलों के प्रमुख शहरों में नया उप पंजीयक कार्यालय खोलने की योजना बनाई है। इसके तहत बिलासपुर सहित रायपुर एवं 31 जिलों के प्रमुख शहरों में उप पंजीयक कार्यालय चरणबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इसमें बिलासपुर में तीन में से दो जगह उप पंजीयक कार्यालय शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है।

### समय व दूरी से होगी बचत

शहर के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अचल संपत्ति जमीन रजिस्ट्री कराने के लिए बिलासपुर पंजीयक मुख्यालय आना पड़ता है। इसमें क्रेता-विक्रेता पक्षकारों सहित गवाहों का भी काफी समय बर्बाद होता है और उन्हें पंजीयन कार्यालय में भीड़भाड़ के कारण इंतजार भी करना पड़ता है। राजकिशोरनगर व सकरी क्षेत्र में नया उप पंजीयक कार्यालय खुल जाने से संबंधित आसपास के एरिया के लोग जमीन रजिस्ट्री कराने इन उप पंजीयक कार्यालय में जाएंगे, जिससे दूरी और समय दोनों ही बचेगा।

### निगम को पत्र लिखा गया है

बिलासपुर में तीन नए उप पंजीयक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव था, जिसमें से राजकिशोरनगर और सकरी में नया उप पंजीयक कार्यालय का नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। व्यापार विहार में किराए का भवन ले लिया गया है, किन्तु वहां की अनुमति नहीं आई है। राजकिशोरनगर में भवन के लिए एसडीएम व नगर निगम को पत्र लिखा गया है, जबकि सकरी में नए तहसील भवन में उप पंजीयक कार्यालय खोलने सहमति बन गई है।

**-राजीव स्वर्णकार**
जिला पंजीयक, बिलासपुर

### रहवासी युवती ने निगम-कर्मी पर धक्का देने, पुलिस पर धमकाने का आरोप लगाया

# कुदुदंड में कब्जा हटाने पर जमकर हंगामा नगर निगम की टीम पर कुत्ता छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुदुदंड में सड़क निर्माण के लिए अवैध मकानों को हटाने के दौरान विवाद हो गया। इस दौरान वहां के रहवासियों में से एक युवती ने नगर निगम कर्मी पर अपनी मां को धक्का देने और पुलिसकर्मी पर धमकाने का आरोप लगाया। तो दूसरी ओर निगम कर्मी ने निवासियों द्वारा कुत्ता छोड़ने और काटने की बात कही है। एक निगम कर्मी को कुत्ते ने काट भी दिया। जब जगह खाली नहीं कराया जा सका तो पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। इससे बात और बढ़ गई। बाद में पुलिस और निगम की टीम कब्जाधारियों को घसीटते हुए ले गई और जगह खाली कराया गया। काफी विरोध के बाद जब वहां की निवासी श्रीमती शीला सोनी और उसके बेटे को पुलिस पकड़कर ले गई तो कार्रवाई पूरी की जा सकी।

- शिवघाट बैराज से नदी किनारे तक सड़क निर्माण के लिए 46 अवैध मकानों को हटाया जाना है

दरअसल शिवघाट बैराज से नदी किनारे तक सड़क निर्माण के लिए 46 अवैध मकानों को हटाया जाना है। इन मकानों में रहने वाले लोगों को कोनी स्थित आईएचएसडीपी आवास में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया कई महीनों से चल रही है, लेकिन लोग वहां जाने से इनकार कर रहे हैं। सरकारी जमीन पर वर्षों से रह रहे कुदुदंड के निवासियों का कहना है कि वे कोनी नहीं जाना चाहते। उनकी मांग है कि उन्हें उसलापुर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास (गिरधर आवास) में स्थानांतरित किया जाए। इसी बात को लेकर निगम अमले और रहवासियों के बीच मकान खाली कराने को लेकर तीखी बहस हुई।

शनिवार दोपहर जब निगम का अमला लोगों को कोनी आवास में स्थानांतरित करने पहुंचा, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। निवासियों ने एक बार फिर उसलापुर के गिरधर आवास में मकान देने की मांग दोहराई। निगम ने काफी मशक्कत के बाद शासकीय भूमि से श्रीमती शीला सोनी, श्रीमती अनिता मिश्रा, श्रीमती नंदनी निर्मलकर, श्रीमती ललिता निर्मलकर, श्रीमती कुमारी बाई, श्रीमती दीना बाई के अवैध निर्माण हटाया।





### मकान आवंटित, फिर भी जाने में आनाकानी

नगर निगम की सब इंजीनियर वर्षा साहू ने बताया कि 46 में से 36 लोगों को लॉटरी के माध्यम से कोनी में मकान आवंटित किए जा चुके हैं, लेकिन वे वहां जाने में आनाकानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक कुदुदंड से 6-7 लोगों को कोनी स्थानांतरित किया जा चुका है। सब इंजीनियर के मुताबिक कुदुदंड के लोग प्रधानमंत्री आवास की पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, और वैसे भी वह आवास अभी निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि कोनी स्थित आईएचएसडीपी आवास के लिए 33 हजार रुपए और उसलापुर के पीएम आवास के लिए 75 हजार रुपए का हितग्राही शुल्क निर्धारित है। पात्रता के अनुसार, कुदुदंड के लोगों को कोनी का आवास आवंटित किया गया है।

### बांस-बल्लियों से घेराबंदी की, लेकिन खतरा अब भी बना हुआ

# अशोक नगर की सड़क बन रही जानलेवा लोगों के प्रदर्शन के बाद हटाया गया मलबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क निर्माण की लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। अशोक नगर चौक से साइंस कॉलेज जाने वाले रास्ते पर डिवाइडर के लिए खोदे गए गड्ढे और सड़क पर फैले मलबे के कारण 90 मिनट के भीतर चार सड़क हादसे हो गए। हादसों के बाद लोगों ने प्रदर्शन किया, तब जाकर विभाग ने मलबा हटाकर बांस-बल्लियों से घेराबंदी की, लेकिन खतरा अब भी बना हुआ है।

दरअसल अशोक नगर से साइंस कॉलेज रोड पर डिवाइडर और खंभे लगाने के लिए सड़क खोदी गई है। लेकिन सुरक्षा इंतजाम न होने से यह रास्ता हादसों का कारण बन गया। सड़क पर फैली मिट्टी और मलबे के बीच अंधेरे में वाहन चालकों को गड्ढे दिखाई नहीं दिए और एक के बाद एक चार हादसे हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है। ध्यान रहे कि तीन साल पहले मंगला-जोंकी सड़क निर्माण के दौरान भी खुले गड्ढे में गिरने से एक युवक की मौत हो चुकी है।

### वाहन छोड़िए पैदल चलना तक मुश्किल

इस सड़क की हालत यह है कि अशोकनगर चौक से लेकर आगे बिजली आफिस और फिर बिरकोना रोड तक यहां से पैदल गुजरना तक मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है। आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है।



डिवाइडर के लिए खोदा गया गड्ढा।

### कई जगह बड़े गड्ढे, दुर्घटना की आशंका

निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। खुदाई के दौरान अमृत मिशन की पानी सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहता रहता है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

# विधायक सुशांत ने ली बिजली अफसरों की क्लास

### बिजली अधिकारियों ने कहा स्टाफ व संसाधन की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली बंद होने से परेशान लोगों की फरियाद बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने सुनी और बिजली अधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने लंबे समय तक बिजली बंद होने को लेकर त्वरित सप्लाई करने पर जोर दिया, साथ ही अधिकारियों की मांगों को भी सुना।

- निगम में शामिल ग्रामीण परिक्षेत्रों के लिए बने अलग जोन

स्टाफ व संसाधनों की कमी से जुझ रहे बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ विधायक सुशांत शुक्ला ने बैठक ली। इस दौरान लगातार बिजली बंद होने से परेशान लोगों के आवाज बंद चुके श्री शुक्ला ने अधिकारियों से बिजली बंद के दौरान सप्लाई को बेहतर बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने खमतराई और मंगला में नया सबस्टेशन बनाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से जिन इलाकों में बिजली के लोड की समस्या है, वहां नया अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने कहा, ताकि बिजली लोड के कारण बंद हो रही बिजली को कंट्रोल किया जा सके। उन्होंने कहा कि धड़ल्ले से अवैध कालोनियां बस रही है, ऐसे में बिजली के खंबे नहीं लग रहे हैं और ना ही ट्रांसफार्मर लग रहा है, जिसके लिए प्रस्ताव बनाने की बात कही। शहरीय विद्युतीकरण के तहत अवैध कालोनियों में बिजली विस्तार को लेकर सुझाव भी मांगे। इस दौरान बसंत विहार, खमतराई, राजकिशोर नगर, मोपका, मंगला, जैसे गांव से शहर में शामिल हो चुके इलाकों के लिए नए जोन बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने के अधिकारियों से बातचीत की है। उन्होंने स्टाफ व संसाधनों के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा करने का भरासो जताया है।





इन इलाकों में आती-जाती रही बिजली: रोजाना की तरह शनिवार को भी बिजली की आंखमिचौली जारी रही, इस दौरान मंगला, सकरी, टिकरापारा, वैशाली नगर, गांधी चौक, करबला रोड जैसे इलाकों में घंटों बिजली बंद रही। इसके साथ ही मसानगंज, सरजू बगीचा, किलावार्ड, चिंगराजपारा, राजकिशोर नगर में बिजली के बार बाद बंद होने से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया।

### की गई है चर्चा

क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर विधायक से चर्चा की गई है। उन्होंने कुछ सुझाव दिए हैं, जिस पर काम किया जाएगा। स्टाफ की कमी है, इससे उन्हें अवगत कराया गया है।

**-बीबी नेताम**, ईई, पश्चिमी डिवीजन

# महिला पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। बात नहीं करने से नाराज व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर ससुर ने हमलावर पर लाठी चलाई तो वह भाग गया। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



चकरभाठा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की शादी के पहले कडार निवासी भूपेन्द्र वर्मा पिता श्यामलाल वर्मा से दोस्ती थी। वर्तमान में दोनों की अलग अलग शादी हो गई है। शादी के बाद भी दोनों आपस मिलते और बातचीत करते थे। पिछले कुछ समय से महिला ने भूपेन्द्र वर्मा से बातचीत करना बंद कर दिया, भूपेन्द्र ने महिला को अन्य व्यक्ति से बातचीत करते देख लिया। जिससे नाराज होकर उसने 16 मई की दोपहर 12.30 बजे घर में घुसकर महिला पर चाकू से हमला किया। महिला संघर्ष करते हुए बचने की कोशिश करती रही, इस दौरान महिला के पेट, हाथ की कलाई सहित चार जगहों पर चोट आई है। महिला के शोर मचाने पर बगल के कमरे में सो रहे ससुर की नींद खुल गई, उन्होने लाठी से हमलावर पर हमला करना शुरू कर दिया, जिससे वह भाग गया। घायल महिला को इलाज के लिए गांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर टीआई भावेश शेंडे स्टाफ के साथ गांव पहुंच गए। घायल महिला से घटना की जानकारी लेने के बाद गांव में घेराबंदी कर हमलावर भूपेन्द्र वर्मा को पकड़ लिया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास के तहत हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेज़र, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# लाखों की लकड़ी तस्करी के फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। लाखों रुपए के सागौन सिलपट और अन्य प्रजातियों की लकड़ी तस्करी के मामले में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इन आरोपियों को वन विकास निगम की टीम ने सुबह पेट्रोलिंग के दौरान पकड़कर गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

कुछ दिन पहले वन विकास निगम कोटा परियोजना मंडल में लाखों की लकड़ी कटाई और तस्करी करने की सूचना विभागीय अफसरों को मिली थी। वन विकास निगम के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अभिषेक सिंह, कोटा परियोजना मंडल के मंडल प्रबंधक सत्यदेव शर्मा के निर्देश पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी रवि कुमार जगत, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल देवसिंह भारद्वाज, हितेन्द्र कुमार दीवान, अरविंद कुमार बंजारे, उपेन्द्र देवांगन, कन्हाई दास मानिकपुरी, क्षेत्र रक्षक राहुल शर्मा, ओकेश अग्रवाल, मेलूराम धुर्वे, नैन सिंह ध्रुव, शिवकुमार यादव और अन्य कर्मचारियों घटना स्थल पहुंचकर आरोपियों की तलाश शुरु की। इस दौरान मौके पर वन विकास निगम की टीम को सागौन लट्ठा, सिलपट, कुल्हाड़ी, रस्सी, पुरानी सायकल सहित लाखों का सामान मिला। विभागीय टीम ने मौके से गिरफ्तार किया। वहीं चार आरोपी ग्राम सोनबंधा निवासी संतदास पिता बेदू, शशि पिता बेदू, सुखराम पिता बेदू, झोल्टा उर्फ गुलशन पिता अमृत वहां से फरार हो गए थे। विभागीय टीम संबंधित क्षेत्र में देर रात और सुबह तक पेट्रोलिंग कर रही थी। टीम को पेट्रोलिंग के दौरान चारों फरार आरोपी दिखाई दिए, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411